दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 3 | अंक: 204 जयपुर, बुधवार, 03 जुलाई, 2024 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष- द्वादशी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00







# हाथरस में मौत का तांडव... हाहाकार

## बाबा के पैरों की धूल के चक्कर में मिट्टी में मिल गए 122 भक्त

एजेंसी। हाथरस

उत्तर प्रदेश के हाथरस में बड़ा हादसा हो गया। जिले के फुलराई गांव में भोलेबाबा का प्रवचन कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान समापन के बाद अचानक भगदड़ मच गई। कार्यक्रम में शामिल होने आए 122 लोगों की इस हादसे में मौत हो गई। इसमें सिर्फ 72 लोगों की शिनाख्त हो पाई है। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री समेत देश भर के नेताओं ने हादसे पर दुख जताया है। पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी ने मृतक के परिवार को 2-2 लाख रुपए के मुआवजे का ऐलान किया है। घायलों को 50-50 हजार की मदद राशि दी जाएगी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि सत्संग खत्म होने के बाद जैसे ही स्वयंभू संत भोले बाबा का काफिला गुजरा लोगों ने उनके चरणों की धूल को माथे पर लगाने की कोशिश की। इसी दौरान भगदड़ मच गई और बड़ी संख्या में लोग कुचले गए। इसमें 122 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। ऐसे में मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। -पेज 8 भी देखें

### भीड़ को लेकर खुफिया तंत्र ने किया था अलर्ट

सिकंदराराऊ में होने वाले भोले बाबा के सत्संग को लेकर पुलिस के खुफिया तंत्र ने अपनी रिपोर्ट सत्संग से पहले ही तैयार की थी। इसमें यह कहा गया था कि सत्संग में सवा लाख से अधिक भीड़ जुटेगी। यहां पर एलआईयू ने अप्रिय घटना होने की आंशका भी रिपोर्ट में व्यक्त की थी, लेकिन इसके बाद भी जिम्मेदारों ने सत्संग में जुटने वाली भीड़ को गंभीरता से नहीं लिया और इसका परिणाम सामने आ गया। सत्संग समापन के बाद हुई भगदड़ में बड़ी संख्या में लोगों की जान चली गईं। अगर समय रहते अधिकारी खुफिया तंत्र की रिपोर्ट पर ध्यान देते तो शायद इतना बड़ा हादसा नहीं होता।

### पुलिस प्रशासन ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर

कोतवाली सिकंदराराऊ में हुए हादसे को लेकर पुलिस प्रशासन हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा घटना की स्थिति पर नजर बनाए रखने के लिए आम लोगों की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 9259189726 और 9084382490 जारी किए गए हैं। इन नंबरों पर हादसे से जुड़े लोगों के बारे में उनके परिवार के लोग जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## जरूरी खबर

### 1500 KG नकली घी व 3 हजार KG अचार-मुरब्बा सीज



**जयपुर।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मंगलवार को 3358 किलो अचार-मुरब्बा और 1500 किलो नकली घी सीज किया। विभाग के अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया टीम ने मंगलवार को मालवीय नगर इंडस्ट्रियल एरिया में अपेक्स सर्किल के पास श्रीनाथ अचार फैक्ट्री पर छापा मारा। वहां गंदगी में बिना एक्सपायरी डेट मेंशन वाले कैमिकल से तैयार किए गए अचार की खेप को सीज किया। पोलोविक्ट्री के पास ही स्थित इंटरसिटी ट्रैवल्स से खाद्य विभाग की टीम ने 1500 किलो नकली घी की खेप बरामद की है। यह बाजार में 290 रुपए किलो में बेचा जा रहा है।

-पेज 3 भी देखें

### राजस्थान विधानसभा का मानसून सत्र आज से

**जयपुर।** 16वीं विधानसभा का मानसून सत्र 3 जुलाई से शुरू होगा। सदन की कार्यवाही को लेकर पक्ष और विपक्ष दोनों ही दलों ने अपनी-अपनी रणनीति बनाई है। विपक्ष सदन में आक्रामक अंदाज में सत्ता पक्ष को घेरने की की तैयारी में तो सत्ता पक्ष ने विपक्ष के सवालों के जवाब के लिए अपनी रणनीति बनाई है। पक्ष-विपक्ष की तैयारियों के बीच सदन सुचारू रूप से चले, इनको लेकर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई।

## भजन सरकार ने कैबिनेट बैठक में लिए कई अहम फैसले

# गांधी वाटिका न्यास कानून को किया भंग

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट और मंत्रिपरिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इसमें पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के एक और फैसले पर प्रदेश की भजनलाल सरकार ने कैंची चला दी। मीटिंग में गहलोत सरकार में लाए गए गांधी वाटिका न्यास अधिनियम 2023 को खत्म करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ कोटा में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट बनाने, युवाओं के लिए किशनगढ़, भीलवाड़ा और झालवाड़ में फ्लाइंग स्कूल खोलने सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि पिछली सरकार ने गांधी वाटिका न्यास में असीमित अधिकार दे दिए गए, जबकि उनकी आवश्यकता नहीं थी।

गांधी वाटिका का संचालन होता रहेगा, गांधी राम के आदर्शों पर चलने वाले थे। उनके विचारों को युवाओं तक पहुंचाने का काम जारी रहेगा। पटेल ने कहा कि हम जल्द ही गांधी वाटिका को शुरू करेंगे, लेकिन इसके संचालन के लिए जो न्यास बनाया गया था, उसमें कई खामिया थी। न्यास में अध्यक्ष के होते हुए भी उपाध्यक्ष को असीमित शक्तियां दे दी गईं थीं। एक व्यक्ति को सरकारी जमीन बेचने के अधिकार कैसे दिए जा सकते हैं। ऐसे में कैबिनेट ने गांधी वाटिका न्यास अधिनियम 2023 रद्द करने का फैसला किया है।

उधर, कैबिनेट बैठक के बाद मंगलवार शाम मुख्यमंत्री आवास पर विधायक दल की बैठक हुई।



### जयपुर में बनेगी एयरोसिटी, तीन शहरों में फ्लाइंग स्कूल, कोटा में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट

कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बताया कि राजस्थान बिजली के लिए आत्मनिर्भर हो इसके लिए 2.15 लाख के इन्वेस्टमेंट, सौर ऊर्जा के लिए नई टेक्निक का इस्तेमाल होगा। डीएलसी रेट की 7:30 परसेंट पर जमीन देंगे। 3 एकड़ की जगह ढाई एकड़ में ही प्लांट लग सकेगा, जो बिजली बनाएगा और प्राथमिकता से राजस्थान को बिजली देगा। राजस्थान की कई हवाई पट्टियां हैं, जिनका इस्तेमाल नहीं हो रहा है। उन सभी को सर्विसेबल बनाया जाएगा। कोटा में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट बनाया जाएगा, इसके साथ राजस्थान में फ्लाइंग स्कूल खुलेगा। किशनगढ़, भीलवाड़ा और झालावाड़ में फ्लाइंग स्कूल केन्द्र के सहयोग से खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि नई नागरिक उड्डयान्न पॉलिसी बनेगी और जयपुर में एयरोसिटी बनेगी। इसके साथ कैबिनेट बैठक में कुछ शिक्षण संस्थाओं के नाम बदले गए हैं।

### बजट सत्र की तैयारियों को लेकर चर्चा

बैठक में बुधवार से शुरू हो रहे बजट सत्र की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। कैबिनेट मीटिंग में कृषि मंत्री डॉ किरोड़ीलाल मीणा का नहीं पहुंचना चर्चा का विषय बना रहा। हालांकि बाद में कहा गया कि वे दिल्ली है, इसलिए नहीं पहुंचे। बैठक में विधानसभा में रखे जाने वाले बिल और प्रतिवेदन पर कैबिनेट की अप्रूवल भी ली गई। सीएमओ में हुई बैठक में मंत्रियों की विभाग से संबंधित सवालों के जवाब प्रभावी रूप से रखने पर भी चर्चा की गई। विधानसभा सत्र को लेकर मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि सदन को लेकर पूरा मंत्रिपरिषद और बीजेपी विधायक दल तैयार है।

## कांग्रेस का चरित्र हिंदू विरोधीः सीएम

**जयपुर** । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल द्वारा हिंदू धर्म और हिंदुओं पर की गई टिप्पणी पर पलटवार किया। इस दौरान मंच पर उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, भाजपा प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर, भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ और प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज मौजूद रहे। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राहुल



गांधी ने देश के बहुसंख्यक हिंदू समाज को हिंसक, असत्यवादी और नफरती कहकर 125 करोड़ हिंदुओं का अपमान किया है। राहुल गांधी को देश की जनता ने रिजेक्ट कर दिया और लगातार तीसरी बार भी उनकी लॉन्चिंग फेल रही। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी का पहला भाषण ही झूठ निराशा और तथ्यहीन बातों से भरा हुआ था। अपने पूरे भाषण में राहुल गांधी ने अभिभाषण पर एक शब्द तक नहीं बोला, चर्चा के दौरान उन्होने केवल और केवल झूठ ही बोला।

## राहुल के हिंदू वाले बयान पर

### लोकसभा में बोले पीएम मोदी, कहा...


# ‘हिंदू समाज को सोचना होगा, ये अपमान संयोग है या प्रयोग...’

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान देश को विश्वास दिलाया कि तीसरी बार चुनकर आने पर उनकी सरकार तीन गुना गति, शक्ति से काम करते हुए तीन गुना अधिक नतीजे लाएगी। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को आश्वस्त किया कि हम विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने युवाओं को आश्वासन दिया कि पेपर लीक से जुड़ी उनकी चिंताओं पर सरकार युद्ध स्तर पर काम कर रही है। इस संबंध में कड़ा कानून बनाया गया है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण की शुरुआत में भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण के मुद्दे पर विपक्ष को घेरते हुए बताया कि विकसित भारत क्यों जरूरी है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत से लोगों के सपने पूरे होंगे और भविष्य की मजबूत नींव रखी जाएगी। इस दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि यह लगातार तीसरी बार है जब कांग्रेस पार्टी 100 का आंकड़ा नहीं पार कर सकी है। उन्होंने राहुल गांधी के हिंदु वाले बयान को लेकर भी पलटवार किया। -पेज 8 भी देखें

### राहुल गांधी की चुनावी घोषणाओं पर किए कटाक्ष

कांग्रेस नेता ने अग्निवीर, एमएसपी पर झूठ बोला और संविधान व आरक्षण के मुद्दे पर झूठ बोला। राहुल गांधी की चुनावों के दौरान घोषित योजना पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि 1 जुलाई को खटाखट दिवस भी मनाया गया। 1 जुलाई को लोग अपने बैंक अकाउंट चेक कर रहे थे कि 8,500 रुपए आए कि नहीं। उन्होंने कहा कि बालक बुद्धि में न बोलने का ठिकाना होता है और ना ही बालक बुद्धि में व्यवहार का कोई ठिकाना होता है। जब ये बालक बुद्धि पूरी तरह सवार हो जाती है, तो सदन में किसी के भी गले पड़ जाते हैं।



## छह आईएएस अफसरों के ट्रांसफर

**जयपुर।** प्रदेश की भजनलाल सरकार ने बुधवार से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र से पहले मंगलवार को 6 आईएएस अफसरों के ट्रांसफर किए हैं। इसके तहत निर्वाचन अधिकारी रहे प्रवीण गुप्ता को पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव पद पर पोस्टिंग दी गई है। गुप्ता की जगह नवीन महाजन को मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पद पर लगाया गया है। बता दें कि महाजन का पिछले दिनों ही चुनाव आयोग ने चयन किया था। संदीप वर्मा को पीडब्ल्यूडी से राजस्थान राज्य भंडारण निगम के सीएमडी के पद पर पोस्टिंग दी गई है। वहीं, आईएएस प्रकाश चंद्र शर्मा को विशेषाधिकारी, मुख्यमंत्री के पद पर लगाया गया हैं। इसी प्रकार तबादला सूची में सरकार ने उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी से तालमेल नहीं बैठ पाने के चलते उनके विभाग से आईएएस संदीप वर्मा को हटा दिया हैं। उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ के विभाग से उद्योग आयुक्त को भी हटा दिया गया हैं, उनकी जगह एपीओ चल रहे आईएएस अधिकारी रोहित गुप्ता को उद्योग आयुक्त लगाया गया हैं। एपीओ चल रहे रोहित गुप्ता को उद्योग विभाग के आयुक्त के पद पर लगाया है। हिमांशु गुप्ता को उद्योग आयुक्त से रूडा के एमडी पद पर तबादला किया गया है।

## पुलिस का एक्शन

# जयपुर में पुलिस ने कुख्यात डकैत जगन गुर्जर को दबोचा

बेधड़क। जयपुर

वैशाली नगर थाना पुलिस ने मंगलवार को कुख्यात दस्यु जगन गुर्जर को जयपुर से गिरफ्तार किया है। जगन गुर्जर की गिरफ्तारी को जयपुर पुलिस की बड़ी कामयाबी मानी जा रही है। पुलिस कहना है कि जयपुर शहर में हथियारों की सप्लाई में जगन गुर्जर का हाथ हो सकता है।

जयपुर डीसीपी वेस्ट अमित कुमार के नेतृत्व में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। पुलिस अभी भी कुख्यात दस्यु जगन गुर्जर से पूछताछ में जुटी हुई है। डकैत जगन गुर्जर से पूछताछ के बाद कई बदमाशों तक पुलिस पहुंचेगी। पुलिस का दावा है कि अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल से पूरा नेटवर्क चल रहा था। सोमवार को जगन गुर्जर अपने भाई पान सिंह से मिलने के लिए अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल में गया था। इसके बाद वह अजमेर से धौलपुर लौट रहा था। तभी सोमवार शाम इनपुट मिलने के बाद वैशाली नगर थाना पुलिस ने जगन गुर्जर को हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

रंगदारी मांगने और अवैध हथियार तस्करी मामले में सोमवार को भी पुलिस ने अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल से 3 अपराधियों सहित 9 हार्डकोर बदमाशों को अरेस्ट किया था।



### 150 से अधिक केस दर्ज

प्रदेश में दहशत का पर्याय बना जगन गुर्जर धौलपुर जिले के डांग क्षेत्र के भवुतीपुरा का रहने वाला है। साल 1994 में उसके जीजा की हत्या हो गई थी, जिसका बदला लेने के लिए उसने गांव के ही एक आदमी की हत्या कर दी थी। फिर पुलिस से बचने के लिए अपनी पत्नी और तीन भाइयों के साथ मिलकर चंबल के बिहड़ों में शरण ली और खुद की गैंग बना ली। जगन ने सात साल तक राजस्थान, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश में फैले चंबल में खूब आंतक मचाया था। जगन के खिलाफ तीन राज्यों में हत्या, लूट, फिरौती, अपहरण, नकबजनी व डकैती से जुड़े 150 से अधिक केस दर्ज है। डकैत जगन ने वर्ष 2001 में पहली बार आत्मसमर्पण किया था। लेकिन, जेल से बाहर आते ही आतंक फैलाना शुरू कर दिया था। इसके बाद जगन गुर्जर ने 31 जनवरी 2009 को कैमरी गांव में सचिन पायलट के सामने आत्मसमर्पण किया था। साल 2010 में पुलिस कस्टडी में वह अपनी बेटी की शादी में शामिल हुआ था। बाद में परिवार के कहने पर उसने अपराध से तौबा कर ली थी।

## पेपर लीक में फरार चल रहे 3 इनामी मास्टरमाइंड को दबोचा

**जयपुर।** पेपर लीक मामले में फरार चल रही महिला सरकारी अध्यापक समेत तीन बदमाशों को जोधपुर पुलिस ने अरेस्ट किया है। पुलिस टीम ने मोस्ट वांटेड ओमप्रकाश ढाका, सुनील बेनीवाल को चेन्नई से पकड़ा। वहीं शमी विश्नोई को जोधपुर से डिटेन कर जयपुर लेकर आई, शमी सरकारी टीचर है, जो लंबे समय से फरार चल रही थी।

ओमप्रकाश ढाका पर 75 हजार रुपए, शमी विश्नोई पर 70 हजार रुपए और सुनील बेनीवाल पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। तीनों पेपरलीक के मास्टमाइंड है, इनकी तलाश राजस्थान पुलिस को काफी समय से थी। इन सभी का नाम एसआई भर्ती समेत 6 से ज्यादा परीक्षाओं में पेपर लीक और नकल कराने में शामिल है। जोधपुर पुलिस ने तीनों आरोपियों को एसओजी को सुपुर्द कर दिया है।



**जरूरी खबर**

## प्रवेशोत्सव में तिलक लगा किया बच्चों का स्वागत



**चाकसू।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाड़ा पदमपुरा में वर्गो संसद के संस्था अध्यक्ष रूपाली राव व सचिव रवि कश्यप के निर्देशन में प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर संजीव कुमार जैन ने मां सरस्वती के सक्षम दीप प्रज्वलित किया गया। इसके बाद सूचना मंत्री सुनील जैन ने नए बच्चों को तिलक लगाकर व मुंह मीठा कराकर उनका स्वागत किया। साथ ही बच्चों को बिस्किट पैकेट वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान सूचना मंत्री सुनील जैन ने कक्षा पांचवी, आठवीं, दसवीं, बारहवीं बोर्ड में बोर्ड में 80% प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करने की घोषणा भी की। इस मौके पर मोहनलाल मीणा, सहित स्टाफ मौजूद रहे।

## सनदी लेखाकारों के दल ने देखी विधानसभा

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से मंगलवार को यहां विधानसभा में सनदी लेखाकारों के दल ने मुलाकात की। विधान सभा जनदर्शन के लिए देवनानी का आभार जताते हुए सनदी लेखाकारों ने कहा कि राजनैतिक आख्यान संग्रहालय से युवाओं को राज्य के राजनैतिक ऐतिहासिक और सामाजिक परिदृश्य की जीवंत जानकारी मिलती है। इस मौके पर विधान सभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा भी मौजूद थे।

## आरएसएलडीसी में लगाए 200 से अधिक पौधे



**जयपुर।** कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग के मुख्यालय परिसर में मंगलवार को शासन सचिव पीसी किशन व अन्य अधिकारियों ने 200 से अधिक पौधे लगाए। शासन सचिव ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र का विस्तार करना है, जिससे आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सके। कार्यक्रम में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विभाग के आयुक्त कुमार पाल गौतम और आरएसएलडीसी महाप्रबंधक भूपेंद्र कुमार यादव ने भी पौधरोपण कर अपनी भागीदारी निभाई।

### नगरीय विकास व आवासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत ने समीक्षा बैठक ने दिए निर्देश

# मियावाकी पद्धति से शहर के पार्कों में हो मास प्लांटेशन

**बेधड़क** | जयपुर

नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा प्रदेशवासियों से की गई अपील को साकार करने के लिए सभी संस्थाओं को इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने व सफल बनाने के निर्देश प्रदान किए।

साथ ही मानसून के दौरान सघन पौधारोपण के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा की मियावाकी पद्धति से शहर के अन्दर पार्कों में मास प्लांटेशन करें। मंगलवार को वीसी के माध्यम से हुई इस बैठक में प्रमुख शासन सचिव ने अधिकारियों से विभागीय कार्यों तथा गत समीक्षा बैठक के निर्देशों की क्रियान्विति की समीक्षा कर सभी संस्थागत कार्यों में तेजी लाने के लिए दिशा-निर्देश भी दिए। वीसी में जयपुर, अजमेर, जोधपुर, कोटा, उदयपुर के विकास प्राधिकरणों के आयुक्त एवं सचिव, आयुक्त, राजस्थान आवासन मंडल, उप शासन सचिव, सचिव, नगर विकास न्यास,जेएमआरसी के निदेशक, मुख्य नगर नियोजक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



### विधानसभा बजट सत्र के लिए दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

रविकान्त ने अधिकारियों को निर्देश दिये की विधानसभा प्रश्नों, ध्यानकर्षणों आदि के जवाब अविलम्ब प्रस्तुत करें तथा दैनिक रूप से उठने वाले मुद्दों का जवाब उसी दिन प्रस्तुत करें। संस्थाओं को राजस्व अर्जन बढ़ाने तथा प्राधिकरण/न्यासों को ऑक्शन कैलेण्डर अनुसार ऑक्शन करने तथा इस संबंध में 15 दिवस उपरान्त पुनः समीक्षा के लिए कहा। इस वीसी में लंबित अवमानना प्रकरणों, ई-फाइलिंग, सिटिजन सर्विसेज एंव अन्य विभागीय बिंदुओं की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा की सिटीजन सर्विसेज, ई-फाइलिंग एंव राजस्व अर्जन से संबंधित प्रकरणों में लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस दिए जाएंगें।

### UDH मंत्री से पट्टा और ऑक्शन निरस्त करने की मांग

राजस्थान हाउसिंग बोर्ड कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों ने मंगलवार को यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा से मुलाकात कर बोर्ड की जमीनों को खुर्द-बुर्द करने से रोकने की मांग की। राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष दशरथ कुमार के नेतृत्व में गए पदाधिकारियों ने बताया कि नगर निगम कोटा और नगर निगम हैरिटेज जयपुर में करोड़ों रुपए कीमत की बेशकीमती जमीन जो बोर्ड की थी उसे बेच दिया। दशरथ कुमार ने बताया कि मंत्री खर्रा को ज्ञापन देकर बताया कि पिछली सरकार में प्रशासन शहरों के संग अभियान के दौरान कोटा के महावीर नगर थर्ड के सेक्टर 7 स्थित 1175 वर्गगज जमीन का पट्टा नगर निगम कोटा दक्षिण ने आनन-फानन में जारी कर दिया, जबकि इस जमीन का मालिकाना हक हाउसिंग बोर्ड का है। इसी तरह नगर निगम हैरिटेज जयपुर ने भी पिछले महीने 13 जून को जयपुर के जवाहर नगर स्थित 1600 वर्गगज जमीन का ऑक्शन कर दिया। ये जमीन रिकॉर्ड में हाउसिंग बोर्ड की है और बोर्ड प्रशासन का इस पर मालिकाना हक है। संघ के प्रदेश महामंत्री प्रदीप शर्मा ने बताया कि पिछली सरकार में मंडल की कई बेशकीमती जमीनों को आनन-फानन में सरकार ने ऑक्शन करके खुर्द-बुर्द कर दिया। इससे बोर्ड प्रशासन को बहुत अधिक राजस्व का नुकसान हुआ। महामंत्री ने मंत्री खर्रा से कोटा नगर निगम की ओर से जारी पट्टे को निरस्त करने और नगर निगम हेरिटेज की ओर से किए गए ऑक्शन को निरस्त करने की मांग की है।

### कोटा विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने कहा...

# दीक्षांत शिक्षा का अंत नहीं, बल्कि नवजीवन का प्रारंभ

**बेधड़क** | जयपुर

राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने कहा है कि विश्वविद्यालय वैश्विक चुनौतियों को स्वीकार करते हुए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों का निर्माण करें।

उन्होंने विश्वविद्यालयों को कौशल विकास से संबंधित शिक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए 'विकसित भारत 2047' की संकल्पना को साकार करने का आह्वान किया। राज्यपाल मंगलवार को कोटा विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत समारोह में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं विद्या वाचस्पति अभ्यर्थियों को गोल्ड मेडल एवं उपाधियां प्रदान करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में कन्या छात्रावास, धनवन्तरी भवन एवं बॉस्केबॉल, वॉलीबॉल, टेनिस कोर्ट का लोकार्पण भी किया।

राज्यपाल ने कहा कि दीक्षांत शिक्षा का अंत नहीं बल्कि नव जीवन का प्रारंभ है। यह वह अवसर है जब विद्यार्थी प्राप्त शिक्षा का राष्ट्र और समाज के उत्थान में उपयोग करने के लिए तैयार होता है।



### बेटियों को अवसर मिले तो वे किसी भी क्षेत्र में नहीं पीछे

दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने साक्षी जैन को कुलाधिपति पदक, पूजा साहू को कुलपति पदक, जबकि 60 छात्र-छात्राओं स्वर्ण पदक एवं 49 विद्यावाचस्पति उपाधियां प्रदान की। कोटा विश्वविद्यालय की ओर से कुल 88 हजार 692 उपाधियां प्रदान की गई हैं। इनमें 43 हजार 677 छात्र (49 प्रतिशत) एवं 45 हजार 15 छात्राएं (51 प्रतिशत) शामिल हैं। राज्यपाल ने 51 फीसदी छात्राओं के उपाधि हासिल करने एवं शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने पर खुशी जताते हुए कहा कि बेटियों को अवसर प्रदान किए जाएं तो वे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। छात्राएं अपनी प्रतिभा का समुचित सदुपयोग कर निरंतर आगे बढ़ रही है। उन्होंने आह्वान किया कि छात्र-छात्राएं सामूहिक सहयोग से विकसित भारत का संकल्प पूरा करें। दीक्षान्त भाषण में वनस्थली विद्यापीठ की कुलपति प्रो. ईना आदित्य शास्त्री ने कहा कि शिक्षा का ध्येय मात्र पुस्तकीय ज्ञान प्राप्त करना नहीं है। इसका मुख्य उद्देश्य है मनुष्य का चारित्रिक निर्माण तथा ज्ञान के माध्यम से उसके व्यक्तित्व का विकास है।

### 2047 में भारत जरूर विकसित राष्ट्र बनेगा

इस समय हमारा देश अपने अमृत काल में है। जी-20 की अध्यक्षता भारत को मिली है और इस कार्यकाल ने भारत को एक महाशक्ति के रूप में उभारा है। भारत इस समय विश्व की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। भारत के भविष्य को गढ़ने के सबके प्रयास एक नए भारत की नींव का निर्माण करने वाले है। मुझे विश्वास है कि 2047 में भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में समुचित विश्व का नेतृत्व करेगा।

### स्वयंपाठी विद्यार्थियों के लिए सतत् मूल्यांकन को जोड़ना अनूठी पहल

राज्यपाल ने कहा कि नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति कौशल विकास आधारित शिक्षा पर केन्द्रित है। यह रोजगारोन्मुखी होने के साथ चरित्र-निर्माण, ज्ञान-विज्ञान व आध्यात्मिक विकास के साथ देश और समाज की सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा और संरक्षण से जुड़ी है। कोटा विश्वविद्यालय सहित प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत क्रेडिट आधारित सेमेस्टर प्रणाली लागू करने तथा इस ग्रेडिंग प्रणाली में सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन के साथ-साथ नैतिक मूल्य आधारित कौशल विकास से संबंधित पाठ्यक्रमों पर विशेष ध्यान देने की उन्होंने सराहना की। उन्होंने कहा कि कोटा विश्वविद्यालय ने स्वयंपाठी विद्यार्थियों के लिए सतत् मूल्यांकन को जोड़कर प्रदेश में एक अनूठी पहल की है। समारोह की शुरूआत में राज्यपाल ने संविधान की उद्देशिका एवं मूल कर्तव्यों का वाचन किया। विश्वविद्यालय की कुलपति, प्रो. नीलिमा सिंह ने विश्वविद्यालय प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

### अनुजा निगम पोर्टल का उद्घाटन

# वित्तीय वर्ष में 94 सौ व्यक्तियों को ऋण देने का लक्ष्य

**बेधड़क** | जयपुर

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने मंगलवार को शासन सचिवालय में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अनुजा निगम ऋण पोर्टल का उद्धाटन किया। इस मौके पर अविनाश गहलोत ने कहा कि अनुजा निगम द्वारा रियायती ब्याज दर पर पांच श्रेणियों अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सफाई कर्मचारी, दिव्यांगजन और अन्य पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों को हर साल ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 9400 व्यक्तियों को ऋण देने का लक्ष्य तय किया गया है। राष्ट्रीय निगमों के माध्यम से 5400 और 4000 व्यक्तियों को बैंकों के माध्यम से ऋण दिलाया जाएगा। ऋण की राशि संबंधित व्यक्ति के खाते में सीधे डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी। यह पोर्टल 30 सितंबर तक खुला रहेगा। गहलोत ने कहा कि अनुजा निगम द्वारा अनुसूचित जाति पोप योजना और अनुसूचित जनजाति पोप योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराया जाता है। प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम अजय) के अंतर्गत अनुसूचित जाति के



ऋणियों को प्रोजेक्ट लागत का 50 प्रतिशत या अधिकतम 50 हजार रुपए अनुदान स्वीकृत किया जाता है। उन्होंने कहा कि पोर्टल के माध्यम से अनुसूचित जाति के 2000, अनुसूचित जनजाति के 1000, सफाई कर्मचारियों के 1000, दिव्यांग जनों के 600 और अन्य पिछड़ा वर्ग के 800 व्यक्तियों के आवेदन के लिए जाएंगे। मंत्री ने निर्देश दिए कि ऋण पोर्टल की प्रशासनिक स्वीकृति के साथ ही वित्तीय स्वीकृति और डीबीटी प्रदान किए जाने का कार्य भी जिला स्तर से किए जाने के प्रयास किए जाएं। अतिरिक्त विभाग के मुख्य सचिव कुलदीप रांका ने कहा कि अनुजा निगम ऋण पोर्टल में सभी कार्य ऑनलाइन किए जा रहे हैं। इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के निदेशक घनेंद्र भान चतुर्वेदी, अनुजा निगम की प्रबंध निदेशक ममता राव और महाप्रबंधक शीशराम चावला सहित अन्य उच्चाधिकारी मौजूद थे।

### कैंसर की निशुल्क जांच के लिए एनआईए में लगा शिविर

# 200 से अधिक लोगों की विशेषज्ञों ने की कैंसर संबंधित जांच

**बेधड़क** | जयपुर

जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए) के अस्पताल परिसर में मंगलवार को "कैंसर जांच आपके द्वार" निःशुल्क शिविर का शुभारम्भ कुलपति प्रो. संजीव शर्मा, प्रो. के.भारती, प्रो.अनुपम श्रीवास्तव, प्रो.शरद पोर्टे, डॉ. यशवर्धन, डॉ. निधि गोयल ने किया।

दो दिवसीय निःशुल्क शिविर के पहले दिन 200 से अधिक लोगो की कैंसर स्क्रीनिंग के लिए विभिन्न प्रकार की निशुल्क जांच करने के साथ कैंसर रोग के लक्षण, बचाव एवं रोग से संबंधित जानकारी कैंसर विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा आमजन को दी गई। कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने कहा कि कैंसर की समय पर जांच एवं स्क्रीनिंग करने से इसका उपचार एवं निदान समय पर किया जा सकता है। आमजन में कैंसर की स्क्रीनिंग के लिए राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के अस्पताल परिसर में 2 और 3 जुलाई को निशुल्क जांच एवं जागरूकता शिविर भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल और कैंसर केयर के सहयोग से किया गया है। सभी व्यक्ति अधिक से अधिक संख्या में बुधवार 3 जुलाई को निःशुल्क कैंसर शिविर में जांच जरूर करवाये। राष्ट्रीय आयुर्वेद कैंसर परामर्श इकाई के प्रभारी प्रोफेसर शरद पोर्टे ने बताया कि शिविर में लोगों की कैंसर की स्क्रीनिंग के लिए स्तन जांच के लिए मेमोग्राफी, गर्भाशय जांच के लिए पेप स्मीयर टेस्ट, फेफड़ों की जांच के लिए एक्स रे, ओवरी जांच के लिए सीए 125, प्रोस्टेट की जांच के लिए पीएसए सहित रक्त से जुड़ी जांच निशुल्क की जा रही है।



### शिक्षा मंत्री ने दिव्यांगजन शिक्षकों की समस्या पर लिया फैसला

# नेत्रहीन और 90% तक दिव्यांग ऑर्थोपेडिक शिक्षक कर्मचारियों को इच्छित स्थान पर मिलेगी नियुक्ति

**बेधड़क** | जयपुर

शिक्षा विभाग में कार्यरत नेत्रहीन शिक्षकों और कर्मचारियों को अब उनके इच्छित स्थान पर नियुक्ति मिल सकेगी। साथ ही शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने 90% ऑर्थोपेडिक विकलांग और मूकबधिर की समस्या को देखते हुए उन्हें भी इच्छित स्थान पर लगाने का फैसला लिया है।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने डीपीसी का काम प्रगतिरत होने और ट्रांसफर पॉलिसी सीएम के निर्देशन में बनने की बात भी कही है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने मंगलवार को नेत्रहीन तृतीय श्रेणी शिक्षक मिताली टेलर को उनके इच्छित स्थान पर नियुक्ति देते हुए बड़ी राहत दी। इसी तरह पाली जिले की नेत्रहीन शिक्षिका (लेवल-1) कंचन को भी उसके इच्छित स्थान पर नियुक्ति के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि दृष्टिबाधित लोगों के सामने बहुत सी परेशानी होती है। ऐसे में ये तय किया है कि जो दृष्टिबाधित लोग हैं उन्हें इच्छित स्थान पर लगाया जाएगा। किसी कारण से यदि वो स्थान खाली नहीं है, तो उसके नजदीक लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 90% ऑर्थोपेडिक विकलांग और मूकबधिर की समस्या को देखते हुए उन्हें भी इच्छित स्थान पर लगाया जाएगा, ताकि परिवार के साथ रहकर उनकी ठीक ढंग से देखभाल हो सके।



शिक्षा मंत्री ने कहा कि डीपीसी लगातार हो रही है। उन्होंने विभाग संभालते ही सभी तरह की पेंडिंग डीपीसी करने के निर्देश दिए थे। फिलहाल वाइस प्रिंसिपल की डीपीसी बनकर तैयार हो गई है, दो-चार दिन में उन्हें पोस्टिंग दे दी जाएगी। ऐसे में सारी डीपीसी एक साथ करना संभव नहीं। ट्रांसफर पॉलिसी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में तैयार की जा रही है।

### विधानसभा में सर्वदलीय बैठक आयोजित

# नियमों व मर्यादाओं से चलेगा सदन, सभी दल करें सहयोग: देवनानी

**बेधड़क** | जयपुर

सोलहवीं राजस्थान विधान सभा के द्वितीय सत्र की बैठकें बुधवार से आरम्भ होंगी। इससे पहले मंगलवार को विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधान सभा में सर्वदलीय बैठक बुलाई।

देवनानी की राजस्थान विधान सभा में सदन चलाने के लिए सर्वदलीय बैठक का आयोजन एक ऐतिहासिक पहल है। देवनानी ने सदन को शांतिपूर्ण चलाने के लिए सभी दलों से सहयोग की अपील की है। देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधान सभा का यह पवित्र सदन प्रदेश की आठ करोड़ जनता का प्रतिनिधित्व करता है। सदन की कार्यवाही को आम जनता देखती है। प्रदेश की जनता से चुनकर आये जनप्रतिनिधिगण अपने आचरण और व्यवहार को जन आकांक्षाओं के अनुकूल प्रस्तुत करें, ताकि विधान सभा का नाम रोशन हो सके। देवनानी ने कहा कि विधान सभा सदन नियमों व मर्यादाओं से चलेगा। उन्होंने सभी दलों से सदन को शांतिपूर्वक चलाने में सहयोग करने और सार्थक बहस में अपनी बात समय सीमा में रखने के लिए कहा।



### लंच ब्रेक पर चर्चा

देवनानी ने बैठक में मध्यान्ह भोजन अन्तराल के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि लोक सभा की तर्ज पर राजस्थान विधान सभा में भी भोजन अन्तराल का निश्चित समय तय किया जा सकता है। इससे एक ही समय पर सभी विधायकगण भोजन कर सकेंगे और उसके बाद पुनः सदन में सभी सदस्य कार्यवाही में भाग ले सकेंगे। देवनानी के इस प्रस्ताव पर बैठक में मौजूद सभी दल के प्रतिनिधियों ने इसे अच्छी पहल बताते हुए सहमति व्यक्त की।

### सदन में शालीनता से मुद्दे उठाएं

देवनानी ने कहा कि सभी दलों को चर्चा के लिए नियमानुसार समय आवंटित किया जायेगा। समय सीमा में ही सदस्य अधिक से अधिक अपनी बात रखें। उन्होंने कहा कि यह दलों के नेताओं कि जिम्मेदारी होगी कि उनके दल का सदस्य सदन में अपनी बात को आवंटित समय में ही रखने का प्रयास करे। श्री देवनानी ने कहा कि सभी सदस्यगण शालीनता से मुद्दे उठाये। देवनानी ने कहा कि यह सदन जनहित के मुद्दों पर चर्चा करने का पवित्र स्थल है। इस स्थल की गरिमा को बनाएँ रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा होगी। इसके लिए यदि सदन को देर तक चलाने की आवश्यकता होगी तो सदन को देर तक चलाया जायेगा।

### प्रतिपक्ष सदन चलाने में करेगा सहयोग

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आश्वस्त किया कि प्रतिपक्ष सदन संचालन में सहयोग करेगा। प्रतिपक्ष के सदस्य सदन में मर्यादापूर्ण व्यवहार से अपनी बात रखेंगे। उन्होंने कहा कि सदन में रखी गयी बातों को सरकार गंभीरता से ले। सदन चलाने की जिम्मेदारी पक्ष के साथ प्रतिपक्ष की भी है। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि राजस्थान विधान सभा में अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की यह ऐतिहासिक पहल है। सदन संचालन में इसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम दिखाई देंगे। उन्होनें बैठक में उपस्थित होने वाले पक्ष व प्रतिपक्ष के नेतागण का आभार ज्ञापित किया। बैठक में सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, बसपा के मनोज कुमार, भारत आदिवासी पार्टी के थावर चन्द और रालोद के डॉ. सुभाष गर्ग भी मौजूद थे।

### बैठक में आए महत्वपूर्ण सुझाव

बैठक में सदन में पहले से चल रही पर्ची पर बोलने की व्यवस्था को फिर से लागू किये जाने, समितियों की रिपोर्ट पर बहस कराये जाने, महत्वपूर्ण मुद्दों को शून्यकाल से पहले अध्यक्ष के ध्यान में लाने और अधिकारियों की उपस्थिति को सुनिश्चित किये जाने के सुझाव भी आये।

## जरूरी खबर

### 84 हजार रु. कैरिंग चार्ज वसूला, 40 Kg प्लास्टिक जब्त



**जयपुर।** हेरिटेज नगर निगम की स्वास्थ्य शाखा ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 84250 रुपए का कैरिंग चार्ज वसूल किया। उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक रखने वाले और गंदगी करने वालों के खिलाफ शाखा लगातार कार्रवाई कर रही है। इस दौरान मंगलवार को सीएसआई ने 7800 रुपए, एसआई 3250 रुपए, चालान प्रकोष्ठ ने 27000 रुपए और वॉच राइडर ने 46200 रुपए और 40 किलो प्लास्टिक भी जब्त की। उपायुक्त नरूका ने बताया कि प्लास्टिक प्रकृति और मानव के लिए हानिकारक है। आमजन के इसके बजाए कपड़े या जूट का बैग उपयोग में लेना चाहिए। प्लास्टिक के कई हानिकारक दुष्प्रभाव हैं। हेरिटेज निगम के द्वारा बाजारों में जाकर समझाइश भी की जा रही है।

### आज से हेरिटेज निगम निशुल्क बांटेगा पौधे

**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज बुधवार से आमजन को निशुल्क पौधे वितरित करेगा। इस संबंध में हेरिटेज नगर निगम की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हेरिटेज निगम उपायुक्त सरोज ढाका ने बताया कि इस बार निगम की ओर से कुल छह लाख पौधे लगाने का लक्ष्य लिया गया है। शुरुआत में एक लाख पौधे आमजन को वि तरित किए जाएंगे। इनमें बुधवार से हेरिटेज निगम मुख्यालय, पौण्ड्रिक पार्क ब्रह्मपुरी में, अहिंसा पार्क श्याम नगर, स्वेज फार्म स्थित महिमा पार्क, गड्डा पार्क श्याम नगर, आदर्श नगर में भगत सिंह पार्क और शास्त्री नगर में कैलाश पार्क में आमजन के लिए पौधे निशुल्क वितरित किए जाएंगे। आमजन को अपना आधार कार्ड दिखाने पर छायादार और फलदार पौधे दिए जाएंगे।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।


## भाजयुमो का कांग्रेस कार्यालय पर प्रदर्शन, राहुल गांधी का पुतला फूंका

# कांग्रेस और राहुल गांधी सार्वजनिक मंच से माफी मांगें

**बेधड़क** । जयपुर

संसद में राहुल गांधी द्वारा हिंदू धर्म को लेकर दिए गए बयान के खिलाफ मंगलवार को बीजेपी युवा मोर्चा (भाजयुमो) के कार्यकर्ताओं ने प्रदेशभर में प्रदर्शन करके राहुल गांधी का पुतला फूंका। राजधानी में भी पीसीसी वॉर रूम के बाहर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। उन्होंने मांग की कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी इस बयान को लेकर सार्वजनिक मंच से माफी मांगे। युवा मोर्चा के प्रदर्शन की सूचना पर पीसीसी वॉर रूम के बाहर पुलिस जाब्ता तैनात किया गया था। पुलिस ने बेरिकेडिंग करके युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को वॉर रूम से पहले महर्षि दाधीच सर्किल पर रोकने का प्रयास किया, लेकिन कार्यकर्ता बेरिकेडिंग लांघकर आगे बढ़ गए। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं में धक्का-मुक्की भी हुई। बाद में पुलिस की समझाइश पर कार्यकर्ता पीसीसी वॉर रूम से पहले ही रुक गए।



### हिंदू धर्म के खिलाफ बोलती आई है कांग्रेस

उन्होंने, वहीं राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करके प्रदर्शन किया। इस दौरान जयपुर शहर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला भी फूंका। युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची जयपुर शहर के प्रदर्शन में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जिस तरह से राहुल गांधी ने संसद में हिंदू धर्म के खिलाफ बयानबाजी की है। उसकी हम निंदा करते हैं। उन्होंने हिंदू धर्म को अपमानित करने का काम किया हैं। चेची ने कहा कि हमेशा कांग्रेस पार्टी हिंदू धर्म के खिलाफ बोलती आई हैं। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी इस बयान को लेकर सार्वजनिक मंच से माफी मांगे। उन्होंने कहा कि आज इस तरह का प्रदर्शन युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने हर जिले में किया है। कांग्रेस कार्यालय नहीं पहुंच पाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पुलिस ने हमें रोका तो हमने उनका सहयोग किया। जहां पुलिस ने हमें रोका हम रुक गए।

## श्रीनाथ अचार फैक्ट्री और इंटरसिटी ट्रैवल्स पर खाद्य विभाग की कार्रवाई

# 3358Kg अचार-मुरब्बा और 1500 किलो नकली घी सीज

**बेधड़क** । जयपुर

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मंगलवार को मालवीय नगर में एक फैक्ट्री से 3358 किलो अचार-मुरब्बा सीज किया, वहीं पोलोविक्ट्री इलाके से एक ट्रैवल एजेंट के ऑफिस से 1500 किलो नकली घी सीज किया।

खाद्य सुरक्षा विभाग के अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया टीम ने मंगलवार को मालवीय नगर इंडस्ट्रियल एरिया में अपेक्स सर्किल के पास श्रीनाथ अचार फैक्ट्री पर छापा मारा। जहां हमें कई कमियां नजर आईं और गंदगी भी मिली। टीम ने जब फैक्ट्री में अचार तैयार करने में उपयोग होने वाले कैमिकल की जांच की तो देखा कि उनमें से कई पैकेट्स पर न तो एक्सपायरी डेट थी और न ही मैन्युफैक्चरिंग डेट मेंशन थी। ओझा ने बताया कि जिन डिब्बों में रखकर अचार बनाया जा रहा था, वह भी बहुत गंदे थे। इसके साथ ही तैयार अचार और मुरब्बे को प्लास्टिक के कंटेनरों में रखा जा रहा था, जिन पर बहुत गंदगी लगी थी। उत्तर प्रदेश से आए अचार में सॉस और मुरब्बा मिलाकर मिक्स अचार तैयार किया जा रहा था।



### धारा 32 के अंतर्गत नोटिस जारी!

मौके पर मिली कमियों को देखते हुए खाद्य कारोबार कर्ता को धारा 32 के अंतर्गत नोटिस जारी किया जा रहा है, जिसकी पालना नहीं करने पर फूड लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार सिंधी, रमेश चंद्र यादव और राजेश कुमार नागर तथा नंदकिशोर कुमावत शामिल रहे।



### सैंपल लिए, टेस्टिंग के लिए लैब में भिजवाया

ओझा ने बताया कि गंदगी में बिना एक्सपायरी डेट मेंशन वाले कैमिकल से तैयार किए गए अचार की खेप को सीज किया जा रहा है। सैंपल लेकर लैब में टेस्टिंग के लिए भिजवाया गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने अचार फैक्ट्री से 81 टिन (1458 किलो) आंवला मुरब्बा और 120 टिन (1800 किलो) लाल मिर्च का अचार सीज किया। इसके साथ ही 100 किलो कैर का अचार नष्ट करवाया। 500 किलो लाल मिर्च पाउडर भी जब्त किया।





### 290 रुपए किलो में बेचा जा रहा था नकली और मिलावटी घी

पोलोविक्ट्री के पास ही स्थित इंटरसिटी ट्रैवल्स से खाद्य विभाग की टीम ने 1500 किलो नकली घी की खेप बरामद की है। यह बाजार में 290 रुपए किलो में बेचा जा रहा है। इंदौर (मध्य प्रदेश) में बनवाकर श्री राम मिल्क फूड द्वारा जयपुर में झोटवाड़ा रोड स्थित पिंकसिटी टावर में मंगवाकर जयपुर शहर में बेचा जा रहा है। इंदौर से ट्रैवल्स के जरिए यह नकली मिलावटी घी मंगवाया जा रहा था।

## जनकपुरी-ज्योति नगर में प्रवास 13 से

# मुनि समत्व सागर ससंघ को श्रीफल भेंट



**बेधड़क** । जयपुर

जनकपुरी-ज्योति नगर जैन समाज की ओर से बापू नगर गणेश मार्ग चैत्यालय में विराजित मुनि समत्व सागर व मुनि शील सागर को अल्प प्रवास तथा मूलनायक भगवान नेमिनाथ के मोक्ष कल्याणक व मन्दिर जी के पैंतालीसवें स्थापना दिवस के लिए श्रीफल भेंट किया गया।

इस अवसर पर जनकपुरी ज्योतिनगर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष पदम जैन बिलाला के साथ समिति के सोभाग अजमेरा, जितेंद्र मोहन, महावीर बिंदायक्या, महिला मंडल की अध्यक्ष शकुंतला बिदायक्या, सुलोचना पाटनी, सोनिया बांदीकुई उपस्थित रहे। साथ ही युवा मंच अध्यक्ष अमित शाह, मंत्री प्रतीक जैन, विकास साखूनिया, जिनेंद्र बाकलीवाल, अनिल बगड़ा, निकिता साखूनिया, प्रियंका बाकलीवाल, विधान सभा के कमलेश जैन सहित डॉ. इन्द्र कुमार, श्रेष्ठी राजेंद्र बड़जात्या, महेश सौगानी, दिलीप चांदवाड़, राजेंद्र ठोलिया, राकेश ठोलिया ताराचंद झागवाले, गुलाब जैन, नवीन पांड्या ने भी सहभागिता की। संघ का जनकपुरी में संभावित प्रवास 13 जुलाई से 18 जुलाई तक है। जनकपुरी से ही चातुर्मास के लिए कीर्तिनगर में मंगल प्रवेश प्रस्तावित है।

## मौके से भाग रहे ड्राइवर को लोगों ने पकड़कर पीटा

# लो फ्लोर ने महिला को कुचला

### पति-बेटा घायल

**बेधड़क** । जयपुर

राजधानी में मंगलवार को लो फ्लोर बस के कुचलने से एक महिला की मौत हो गई। हादसे में उसका पति और डेढ़ साल का बेटा घायल हुआ है। घटनास्थल पर मौजूद गुस्साए लोगों ने ड्राइवर की जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। मामला शहर के खोह नागोरियान थाना इलाके के गोनेर रोड का है। एएसआई अमर सिंह ने बताया कि रिजवाना (28) का घर गोनेर रोड के बाबाजी गेट के पास है। मंगलवार दोपहर 1 बजे वह पति निसार आलम (32) और डेढ़ साल के बेटे अलसफा के साथ बाइक पर घर जा रही थी। इस दौरान पीछे से स्पीड में आ रही लो फ्लोर बस ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों नीचे गिरे। रिजवाना बीच सड़क पर गिरी। उसका सिर बस के पहियों के नीचे आ गया। बस उसे घसीटते हुए ले गई। मौके पर ही रिजवाना की मौत हो गई। हादसे के बाद बस ड्राइवर भागने की कोशिश कर रहा था। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे पकड़ लिया और पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ड्राइवर मुकेश को डिटेन कर लिया। रिजवाना का शव एसएमएस हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। अलसफा के पैर में फ्रैक्चर है। निसार के सिर में चोट लगी है। दोनों एसएमएस हॉस्पिटल में एडमिट हैं। बस गोनेर से वाटिका जा रही थी। निसार वेल्डिंग का काम करता है।

## ओवरटेक करने की कोशिश में हुआ हादसा, 9 लोग घायल

# ट्रेलर-पिकअप और जीप भिड़ीं, 2 लोगों की मौत

**बेधड़क** । जयपुर

चौमूं के कालाडेरा इलाके में मंगलवार सुबह 7:30 बजे एक ट्रेलर व पिकअप में टक्कर हो गई। हादसे में पास में खड़ी जीप चपेट में आ गई और उसके ड्राइवर और एक सवारी की मौत हो गई, जबकि 9 अन्य घायल हो गए।

कालाडेरा थाना इंचार्ज नरेश कंवर ने बताया कि चौमूं मंडी से सब्जी लेकर पिकअप रेनवाल (जयपुर) जा रही थी। पिकअप में सिर्फ ड्राइवर था। जीप रेनवाल से सवारियों को लेकर चौमूं की तरफ जा रही थी। चौमूं-रेनवाल रोड पर कानरपुरा बस स्टैंड के पास जीप ड्राइवर नूरदीन मणियार (48) पुत्र भोमाराम मणियार ने सवारियां लेने के लिए ब्रेक लगाया। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रेलर ने जीप को ओवरटेक किया। इससे सामने से आ रही पिकअप और ट्रेलर की भिड़ंत हो गई। बेकाबू ट्रेलर ने जीप को भी चपेट में ले लिया। जीप पलट गई। हादसे में जीप ड्राइवर नूरदीन निवासी रेनवाल और यात्री घिनोई (चौमूं) निवासी रामगोपाल मीणा (45) पुत्र मदनलाल मीणा की मौत हो गई। घायल 9 सवारियों में से 6 को गंभीर हालत में जयपुर रेफर किया गया है। पिकअप ड्राइवर और ट्रेलर ड्राइवर भी घायल हुए हैं।

घायलों में महेंद्र मीणा (32) पुत्र नारायण मीणा निवासी बाई का बास कालाडेरा, कैलाश (45) पुत्र भीमाराम निवासी सबलपुरा, रेनवाल, सुरेंद्र यादव (30) पुत्र हनुमान सहाय यादव निवासी सबलपुरा रेनवाल, हरिपुरी (36) पुत्र जयरामपुरी निवासी जायल (नागौर), मानसिंह (60) पुत्र अर्जुन सिंह शेखावत निवासी मंडा-भिंडा गोविन्दगढ़ (जयपुर), पदमाराम (45) पुत्र गिरधारी रैगर निवासी हरसोली रेनवाल, गुलाबचंद (40) पुत्र सोहनलाल मीणा निवासी घिनोई (जयपुर), केशर (45) पुत्र सत्यनारायण दरोगा निवासी सबलपुरा रेनवाल, रामानंद (46) पुत्र देवाराम रैगर निवासी दातारामगढ़ (सीकर) शामिल हैं।

## मौसम : सप्ताह के अंत तक पूरे प्रदेश को कवर करेगा मानसून

# जयपुर-उदयपुर संभाग में भारी बारिश की चेतावनी

**बेधड़क** । जयपुर

मौसम विभाग ने बुधवार को जयपुर और उदयपुर संभाग के कुछ भागों में मध्यम से तेज बारिश के साथ ही कहीं-कहीं भारी बारिश की चेतावनी दी है। साथ ही 4 से 6 जुलाई को उत्तर-पश्चिम राजस्थान में भी मानसून पहुंचने की संभावना जताई है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जुलाई के पहले हफ्ते तक मानसून ने प्रदेश में 90 फीसदी से ज्यादा हिस्से को कवर कर लिया है। फिलहाल बीकानेर संभाग का मुख्यालय और श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ जिला मानसून की एंट्री का इंतजार कर रहा है। माना जा रहा है कि इस हफ्ते के आखिर तक बीकानेर संभाग में भी सीजन के मानसून की पहली बारिश हो जाएगी। इस तरह से 6 जुलाई तक मानसून पूरे राजस्थान को कवर कर लेगा।




### किस दिन, कहां पर अलर्ट

3 जुलाई को जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर जिलों को छोड़कर शेष सभी जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। 4 जुलाई धौलपुर जिले में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट, जबकि भरतपुर, अलवर, सीकर, झुंझुनूं, अजमेर में येलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों के अलावा शेष सभी जिलों (जैसलमेर, बाड़मेर को छोड़कर) में हल्की से मध्यम बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। 5 जुलाई को भरतपुर, धौलपुर में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जबकि दौसा, अलवर, करौली, झुंझुनूं, चूरू, सीकर में येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं शेष सभी जिलों में (जैसलमेर, बाड़मेर को छोड़कर) हल्की से मध्यम बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

### अब तक 54.6 मिलीमीटर बारिश

प्रदेश में एक जून से लेकर एक जुलाई तक बारिश का औसत 58 मिलीमीटर है, जबकि अब तक 54.6 मिलीमीटर बारिश हुई है यानी 6 प्रतिशत कम बरसात हुई है। प्रदेश के 33 जिलों में से 20 में औसत से कम बारिश हुई है। 11 जिलों में औसत से अधिक बारिश, जबकि दो जिलों में औसत बारिश है।

### सर्वाधिक बारिश पूर्वी राजस्थान में

जून में सर्वाधिक बारिश पूर्वी राजस्थान में हुई है। सर्वाधिक मेघ धौलपुर व भरतपुर में बरसे जबकि पश्चिमी राजस्थान सूखा रहा। पश्चिमी राजस्थान के 10 जिलों में से 8 जिलों में औसत से कम बारिश है। दोनों पड़ोसी जिलों बीकानेर और हनुमानगढ़ सूखे हैं।

# चार ट्रक सामान जब्त, 32 हजार रुपए का चालान



**बेधड़क** । जयपुर

हेरिटेज नगर निगम की सतर्कता शाखा ने मंगलवार को अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चार ट्रक सामान जब्त किया और 32 हजार रुपए का चालान काटा। हेरिटेज निगम के सतर्कता उपायुक्त पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि सतर्कता शाखा के दस्ते ने कार्रवाई करते हुए कंवर नगर, शास्त्री नगर, हाउसिंग बोर्ड, आरपीए, स्पेस सिनेमा, कालीदास मार्ग, दूध मंडी, जनाना अस्पताल, खासा कोठी, किशनपोल बाजार, चांदपोल बाजार से अस्थाई अतिक्रमण हटाया। इस दौरान राजस्व निरीक्षक बेद्यनाथ कौशिक के नेतृत्व में दस्ते ने चार ट्रक सामान जब्त किया और 32 हजार रुपए का चालान किया।

## जरूरी खबर

### अधिकारियों ने दी राहटकर को नए कानून की बधाई



**चाकसू।** भारत में 1 जुलाई से भारतीय न्याय संहिता लागू करने पर मंगलवार को भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने प्रदेश भाजपा कार्यालय पर राजस्थान प्रदेश सह प्रभारी विजया ताई राहटकर से मिलकर उन्हें शुभकामनाएँ दी। विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सौरभ सारस्वत ने कहा कि देश में एक नए युग की शुरुआत है और अधिवक्ता समुदाय इस परिवर्तन से प्रसन्नता महसूस कर रहा है। पुराने अधिनियम की भावना दंड प्रधान थी नवीन कानून की भावना न्याय प्रदान है।

### कलेक्टर ने रात्रि चौपाल कार्यक्रमों का किया निर्धारण

**सीकर।** जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी ने आदेश जारी कर जुलाई माह में होनी वाली रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई कार्यक्रमों का निर्धारण कर दिया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 5 जुलाई को फतेहपुर ग्राम पंचायत की माण्डेला बड़ा, 12 जुलाई को खण्डेला पंचायत समिति की ठिकरिया, 19 जुलाई को दांतारामगढ़ पंचायत समिति की रैवासा, 26 जुलाई को लक्ष्मणगढ़ पंचायत समिति की अलखपुरा बोगन ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### टॉप 10 में 3 समेत पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार



**दौसा।** दौसा जिले की महवा थाना पुलिस की टीम ने सोमवार को टॉप 10 में शुमार तीन अभियुक्तों सहित कुल 5 जनों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में दो 5 साल से फरार गौ तस्कर, एससी/एसटी एक्ट प्रकरण एवं छेड़छाड़ के मामले में दो आरोपी एवं एक सन्दिग्ध बाइक सवार शामिल है। एसपी शर्मा ने बताया कि गश्त के दौरान थाना पुलिस द्वारा माली मोहल्ला महवा निवासी ओमप्रकाश सैनी के पास एक संदिग्ध एफजेड बाइक पाए जाने पर धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार कर एमवी एक्ट में बाइक जब्त की गई। इसी प्रकार 5 साल से फरार टॉप 10 में शामिल दो गौतस्कर इकलास उर्फ काडा व समीन उर्फ टांका निवासी घाटमिका जिला डीग को गिरफ्तार किया गया।

---

**भरतपुर के अपना घर आश्रम में अगरबत्ती और चप्पल निर्माण की हुई शुरुआत**

# आत्मनिर्भर बनेंगे प्रभुजन, उद्योग लगाकर दिया जाएगा रोजगार

बेधड़क | भरतपुर

अपनों से बिसराए बेसहारा और बेरोजगार प्रभुजन अब अपने पैरे पर खड़े होने जा रहे हैं। यहां के अपना घर आश्रम ने युवा और बेरोजगार प्रभुजनों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने व उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए कदम बढ़ाए है। इसके लिए अगरबत्ती व चप्पल निर्माण उद्योग शुरू किया है। आश्रम के ऐसे युवा प्रभुजन जो भविष्य में आम लोगों की तरह गृहस्थ जीवन जीने वाले हैं उनको ध्यान में रखते हुए यह उद्योग शुरू कराया है। उद्योग से होने वाली आय से इन प्रभुजनों को वेतन भी प्रदान किया जाएगा।

### प्रभुजनों को मिलेगा वेतन

अपना घर आश्रम के संस्थापक डॉ. बी एम भारद्वाज ने बताया कि अपनों से दूर आश्रम में रहने वाले युवाओं को ध्यान में रखते हुए हमने प्रभुजी पुनर्वास उद्योग नाम से अगरबत्ती और चप्पल निर्माण उद्योग शुरू किया है। इसके पीछे का उद्देश्य ऐसे युवाओं को पुनर्वासित करना है, जो पढ़ने में कमजोर हैं या नौकरी हासिल नहीं कर सकते। उनको इस उद्योग से जोड़ा जाएगा। ये युवा इस उद्योग में नियमित रूप से काम करेंगे और उन्हें उद्योग से होने वाली आय से वेतन भी दिया जाएगा। साथ ही इस उद्योग से होने वाली आय को भी आश्रम के बाल गोपालों पर खर्च किया जाएगा। इस पूरे उद्योग को इन्हीं युवा प्रभुजनों व बच्चों के लिए समर्पित किया गया है।

### आश्रम के पास दुकान या शोरूम की होगी शुरुआत

डॉ. भारद्वाज ने बताया कि उद्योग के अंतर्गत प्रभुजनों की ओर से चार प्रकार की अगरबत्ती, महिला-पुरुषों एवं बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की चप्पलें प्रभुजी की ओर से निर्मित की जा रही हैं। संस्था ने यह प्रकल्प इसलिए प्रारंभ किया है कि इसमें आश्रम में रह रहे बच्चे एवं प्रभुजन इन उत्पादों को बड़े स्तर पर बनाकर इस उद्योग का संचालन कर सकें। यहां तैयार होने वाली अगरबत्ती और चप्पलों को आमजन के लिए बाजार कीमत से कम दाम पर उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही गुणवत्ता का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा। इसके लिए आश्रम के मुख्यद्वार के पास एक बड़ी दुकान/शोरूम शुरू कर उसमें इन उत्पादों को आमजन के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।



### पुनर्विवाहित जोड़ों को दिया जाएगा रोजगार

डॉ. भारद्वाज ने बताया कि अपना घर आश्रम जल्द ही आश्रम में निवासरत 50 जोड़ों का पुनर्विवाह कराएगा। इनके लिए आवास-फ्लैट निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। ऐसे पुनर्विवाहित जोड़ों को सामान्य जीवन जीने के लिए रोजगार की जरूरत रहेगी। इस उद्योग में ऐसे जोड़ों को भी नौकरी दी जाएगी। उन्हें यहां काम करने पर वेतन देकर पुनर्वासित होने में सहयोग दिया जाएगा।

### नेपाल और भारत में है आश्रम की 60 शाखाएं

अपना घर आश्रम की भरतपुर के बझेरा गांव में वर्ष 2000 में स्थापना हुई थी। उस समय आश्रम एक बीघा जमीन पर संचालित था और यहां सिर्फ 23 प्रभुजी निवासरत थे। आज आश्रम की नेपाल समेत देश भर में कुल 60 शाखाएं संचालित हैं। अपना घर आश्रम की सभी शाखों में 12 हजार से अधिक प्रभुजन निवासरत हैं। इतना ही नहीं अब तक हजारों प्रभुजनों को बेहतर देखभाल व उपचार से स्वस्थ कर उनके परिजनों तक पहुंचा चुके हैं।

---

**करौली हादसा: परिजनों ने किया था शव लेने से इनकार**

# मृतकों के परिजनों को 4 लाख व घायलों को 20 हजार मुआवजा

बेधड़क | करौली

करौली-मंडरायल मार्ग स्थित डूंडापुरा मोड़ के पास बोलेरो और ट्रक के हादसे में सोमवार को जान गंवाने वाले 9 लोगों के शवों के पोस्टमॉर्टम से पहले जमकर बवाल हुआ। परिवार वालों ने पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया। उन्होंने सरकार से मुआवजे लेने की मांग की। मुआवजा नहीं मिलने की स्थिति में शव नहीं लेने का ऐलान कर दिया। बाद में 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने के आश्वासन के बाद परिवार वाले माने।

वहीं, पूर्व मंत्री रमेश मीणा हॉस्पिटल में घायलों से मुलाकात की और हर संभव मदद का भरोसा दिया। दरअसल सोमवार की शाम करीब 5 बजे करौली-मंडरायल मार्ग स्थित डूंडापुरा मोड़ के पास बोलेरो और ट्रक की टक्कर हो गई थी। इसमें 2 बच्चों व 6 महिलाओं समेत 9 लोगों की मौत हो गई थी। 4 लोग घायल हुए थे।

बोलेरो में सवार लोग कैला देवी के दर्शन करके लौट रहे थे। मृतकों में से 6 लोग और घायलों में से 2 लोग मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले के रहने वाले थे। इसके अलावा 3 मृतक करौली (राजस्थान) के खिरकन गांव के रहने वाले थे।



### अधिकारियों ने की थी समझाइश, नहीं माने परिजन

मंगलवार सुबह करीब 7 बजे मुआवजे की मांग पूरी नहीं होने पर पोस्टमॉर्टम कराने से परिवार वालों ने इनकार कर दिया। मौके पर मंडरायल (करौली) के तहसीलदार महेंद्र गुप्ता, करौली सदर थाना अधिकारी योगेश शर्मा, मंडरायल डीएसपी अनुज शुभम, करौली एडीएम राजवीर सिंह चौधरी और श्योपुर (मध्य प्रदेश) के विजयपुर तहसील के एसडीएम वीएस श्रीवास्तव थे। इन अधिकारियों ने परिवार वालों को समझाने का प्रयास किया पर सफलता नहीं मिली।

### मध्यप्रदेश और राजस्थान सरकार देगी मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए

सुबह करीब साढ़े नौ बजे पूर्व मंत्री व कांग्रेस नेता रमेश मीणा करौली डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल पहुंचे। पौने दस बजे मध्य प्रदेश के विजयपुर (श्योपुर) विधायक राम निवास रावत, करौली कलेक्टर नीलाभ सक्सेना, करौली एसपी ब्रजेश ज्योति उपाध्याय, एसीपी शंकर लाल, करौली एसडीएम पिंकी गुर्जर हॉस्पिटल पहुंचे। पूर्व मंत्री मीणा के साथ ही अधिकारियों ने परिवार वालों से बातचीत की। करीब 2 घंटे बाद परिवार वाले 4-4 लाख रुपए मुआवजे की घोषणा के बाद मान गए। राजस्थान के 2 मृतकों के परिवार को राजस्थान सरकार और एमपी के 7 मृतक के परिवार वालों को एमपी सरकार 4-4 लाख रुपए देगी। राजस्थान सरकार 2 घायलों को 20-20 हजार रुपए देगी। अन्य सरकारी सहायता का लाभ भी दिलाने का आश्वासन दिया गया। करीब दो घंटे तक चली वार्ता के बाद राजस्थान और मध्य प्रदेश सरकार के अधिकारियों ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की घोषणा की। घायलों को 20-20 हजार की सहायता की भी घोषणा की गई। साथ ही घायलों को अतिरिक्त सहायता देने का भी आश्वासन दिया गया।

### मंत्री ने की 50-50 हजार रुपए देने की घोषणा

पीड़ित परिवार से बातचीत के बाद पूर्व मंत्री रमेश मीणा ने हॉस्पिटल में भर्ती 3 साल की दिव्यांशी से मुलाकात की। उन्होंने घटना पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि वह लाश पर राजनीति नहीं करते। उनका उद्देश्य मृतक आश्रितों को अधिक से अधिक आर्थिक सहायता दिलाना था। राजस्थान सरकार ने चार लाख रुपए देने की घोषणा की है। इधर, रमेश मीणा ने राजस्थान के मृतक आश्रितों को अपनी ओर से 50-50 हजार रुपए की आर्थिक मदद देने की घोषणा की। इसके अलावा, तीन लाख रुपए की आर्थिक सहायता अन्य लोगों की मदद से दिलाने का अश्वासन दिया।

---

**मारवाड़ सप्लाई करने की थी तैयारी**

# 40 लाख का 263 किलो डोडा-चूरा किया जब्त



बेधड़क | चित्तौड़गढ

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की। निंबाहेड़ा क्षेत्र में एक बाड़े पर छापा मार कर 263 किलो से अधिक डोडाचूरा जब्त किया। हालांकि टीम को देखकर बाड़े का मालिक भाग निकला। वह डोडाचूरा मारवाड़ ले जाने की तैयारी में था कि सीबीएन ने कार्रवाई कर दी। जब्त डोडाचूरा की ब्लैक मार्केट में कीमत करीब 40 लाख रुपए बताई गई है।

जिला अफीम अधिकारी द्वितीय अमर सिंह कनौजिया के नेतृत्व में सोमवार देर रात कार्रवाई को अंजाम दिया। सूचना मिली थी कि ताई गांव में सुरेश पुत्र नंदराम डोडाचूरा की खेप मारवाड़ ले जाने की तैयारी में है। इसके लिए उसने अपने बाड़े में डोडाचूरा का स्टॉक कर रखा है। कनौजिया ने बताया कि उच्च अधिकारियों को सूचना से अवगत कराते हुए एक टीम रात करीब 2 बजे मौके पर पहुंची। जहां नारकोटिक्स की गाड़ियों को देखकर सुरेश भाग छूटा। सूचना के अनुरूप टीम द्वारा उसके बाड़े पर छापा मारा गया जहां 14 प्लास्टिक कट्टों में डोडाचूरा रखा था। इन कट्टों का वजन करने पर 263 किलोग्राम डोडाचूरा निकला। इसमें 82 किलो से अधिक सीपीएस पद्धति का डोडाचूरा था। उन्होंने बताया कि सुरेश के परिवार के सदस्य के नाम लाइसेंस है। यह डोडाचूरा कहां से लाया गया और कहां सप्लाई किया जाना था। इसकी जांच की जा रही है। हालांकि सुरेश के हाथ में आने के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो पाएगा। उसकी तलाश में जगह-जगह टीम भेजी गई है।

---

**हरियाळो राजस्थान के तहत विट्रोमेड हेल्थकेयर का प्रयास**

# कंपनी ने किए 1 हजार पौधे वितरित कर्मचारियों ने लगाए अपने गांवों में

बेधड़क | चाकसू

सीतापुरा रीको एरिया स्थित विट्रोमेड हेल्थकेयर कंपनी ने अपने विशेष कार्यक्रम के तहत विभिन्न किस्म के छायादार 1000 पौधे वितरित किए हैं। जिन्हें उनके कर्मचारियों ने अपने गांवों में लगाया।

इस उपहारी अभियान को 'हरियालो राजस्थान' के तहत आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम की व्यवस्था सुरक्षा अधिकारी सुरेश कुमार और कंपनी की मानव संसाधन टीम द्वारा की गई है। विट्रोमेड हेल्थकेयर कंपनी ने इस पहल से अपने कर्मचारियों को न केवल पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया है। बल्कि उनकी सामाजिक जिम्मेदारियों को भी बढ़ावा दिया है।



वाइस प्रेसिडेंट राजेश यादव व प्लांट हेड हरिओम तिवारी ने बताया कि यह उपहारी पहल न केवल पर्यावरण को सुरक्षित रखने में मदद करेगी। बल्कि विट्रोमेड के साथी कंपनियों को भी प्रेरित करेगी। इस तरह के समाज सेवा कार्य करने के लिए इस सशक्त पहल को समर्थन करें। वहीं इसकम्पनी में रोजाना सेकड़ों कर्मचारी कार्य करते है, उन्हें भी पर्यावरण की सुरक्षा के लिये पौधे दिए गए। जिन्हें कर्मचारियों ने अपने गांव में लाकर अपने स्तर पर पौधे लगाए और उनके संरक्षण का भी प्रण लिया।

---

**58 क्विंटल डोडा पोस्त तस्करी में 35 हजार रुपए का है इनामी**

# AGTF ने तस्कर महिपाल कांवा को किया गिरफ्तार

बेधड़क | जयपुर

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने जोधपुर के शताब्दी सर्कल से मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त कुख्यात तस्कर महिपाल कांवा निवासी सरनाडा जिला जोधपुर को दस्तयाब करने में सफलता हासिल की है।



गिरफ्तार तस्कर जोधपुर ग्रामीण पुलिस एवं प्रतापगढ़ पुलिस से 35 हजार रुपए का इनामी है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन बताया कि उप महानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एजीटीएफ विद्या प्रकाश के सुपरविजन में गठित टीम के सदस्य हैड कांस्टेबल राकेश जाखड़ को सोमवार को मादक पदार्थों की तस्करी में कुख्यात महिपाल बिश्नोई के बारे में सूचना मिली थी। आरोपी तस्कर महिपाल विश्नोई के विरुद्ध वर्ष 2021 में 30 क्विंटल डोडा पोस्त तस्करी के मामले में प्रतापगढ़ जिले के सुहागपुर थाने में एवं साल 2023 में जोधपुर ग्रामीण जिले के कापरड़ा थाने में 28 क्विंटल डोडा पोस्त तस्करी के मामले में एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज हुआ था।

दोनों मामलों में आरोपी घटना के समय से फरार था। इसकी गिरफ्तारी के लिए जोधपुर ग्रामीण एसपी द्वारा 25 हजार और प्रतापगढ़ एसपी द्वारा 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। आरोपी तस्कर के बारे में मिली सूचना की पुष्टि के लिए पुलिस इंस्पेक्टर सुभाष सिंह के नेतृत्व में हैड कांस्टेबल महेश सोमरा, राकेश जाखड़, नरेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, महावीर सिंह एवं कांस्टेबल नरेश कुमार व चालक सुरेश कुमार की टीम को रवाना किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन कर सूचना को विकसित किया। पुष्टि होने के बाद एजीटीएफ द्वारा थाना कापरड़ा जोधपुर ग्रामीण को सूचना दी गई।

दोनों टीमो ने संयुक्त कार्रवाई कर जोधपुर शहर में शताब्दी सर्किल के पास से आरोपी तस्कर महिपाल कांवा को देर रात घेराबंदी कर दबोच लिया।

आरोपी को डिटेन कर थाना कापरड़ा लाया गया। जिसे पूछताछ के बाद थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

---

**राज्यपाल मिश्र, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और डिप्टी सीएम बैरवा करेंगे शिरकत**

# शेखावाटी यूनिवर्सिटी का चौथा दीक्षांत समारोह कल

बेधड़क | सीकर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी यूनिवर्सिटी का चौथा दीक्षांत समारोह 4 जुलाई को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होगा। विश्वविद्यालय कैंपस में आयोजित होने वाले इस दीक्षांत समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र 72 स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल देंगे। इसके अलावा 2 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स की डिग्री जारी करेंगे।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. अनिल कुमार राय ने बताया कि कार्यक्रम यूनिवर्सिटी कैंपस में 4 जुलाई को दोपहर 12:15 बजे शुरू होगा। कार्यक्रम में राज्यपाल कलराज मिश्र, केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा भी शामिल होंगे।



प्रोफेसर राय ने बताया कि यूनिवर्सिटी के अंतर्गत आने वाली सभी कॉलेज के प्रतिनिधि और स्टूडेंट वर्चुअल मोड के जरिए इस कार्यक्रम से जुड़ेंगे।

### महिलाएं और स्कूली बच्चे भी होंगे शामिल

इस कार्यक्रम को समाज से जोड़ने के लिए नजदीकी गांव कटराथल और कोलिड़ा की महिलाओं को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। इसके साथ ही इन दोनों गांव के कुछ स्कूली बच्चों को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। इस दौरान विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार राकेश कुमार गुप्ता, सहायक प्रोफेसर डॉ. रविंद्र कटेवा, सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के सहायक निदेशक पूरणमल, एपीआरओ राकेश कुमार ढाका, प्रशान्त सिंह राजावत, सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी, कार्मिक एवं मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

### 72 स्टूडेंट्स को दिया जाएगा गोल्ड मेडल

समारोह में वर्ष 2021 और 2022 सत्र के 72 स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 के स्नातक स्तर के 9 एवं स्नातकोत्तर स्तर के 24 विद्यार्थियों तथा वर्ष 2022 बैच के स्नातक स्तर के 9 विद्यार्थियों एवं स्नातकोत्तर स्तर के 28 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिया जाएगा तथा दो स्वर्ण पदक निजी फर्म द्वारा विज्ञान संकाय में स्नातकोत्तर में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिया जाएगा।

---

**कोचिंग संस्थानों पर प्रभावी नियंत्रण**

# शिकायतों के लिए गठित कमेटी की बैठक आयोजित

बेधड़क | सीकर

अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर हेमराज परिडवाल की अध्यक्षता में जिले में संचालित कोचिंग संस्थानो पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनमें निवासरत, अध्ययनरत विद्यार्थियों को मानसिक संबलन एवं सुरक्षा प्रदान करने के लिए कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 01572-251008,टोल फ्री नम्बर 1077 पर प्राप्त होने वाली विद्यार्थियों की शिकायतों, समस्याओं के समाधान के लिए गठित कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में कोचिंग केन्द्रों पर नियंत्रण के लिए शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी कोचिंग केन्द्र के पंजीयन एवं विनियमन के लिए दिशा-निर्देश 2024 की कोचिंग संस्थानो के संचालकों से कडाई से पालना करवाने के संबंध में विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर हेमराज ने बताया कि कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर पर कोई भी विद्यार्थी को किसी भी प्रकार की शिकायत, समस्या होने पर, मानसिक तनाव या अवसाद की स्थिति होने पर कॉल कर सकता है और अपनी समस्या का इन्द्राज करवा सकता है। प्राप्त शिकायत, समस्या को संबंधित को भिजवाकर त्वरित समाधान करवाया जायेगा। मानसिक तनाव या अवसाद की समस्या होने पर मनोचिकित्सक, काउन्सलर से काउंसलिग करवाई जाएगी।

**सीए फाउंडेशन एग्जाम:** इंटर और फाइनल के अभ्यर्थी दर्ज कर सकते हैं फीडबैक

# 7 तक मेल या स्पीड पोस्ट से टिप्पणी दर्ज करने का है मौका

**एजेंसी** | नई दिल्ली

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) की ओर से सीए फाउंडेशन परीक्षा 20, 22, 24 और 26 जून को तय परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी। इस एग्जाम में भाग लेने वाले स्टूडेंट्स के लिए अब आईसीएआई की ओर से नोटिफिकेशन जारी कर महत्वपूर्ण अपडेट दी गई है। अधिसूचना के मुताबिक जून 2024 में आयोजित फाउंडेशन परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थी को प्रश्न पत्रों पर फीडबैक/ दावा-आपत्ति दर्ज करने का मौका दिया जा रहा है।

## फाउंडेशन परीक्षा आयोजित हुई थी 20, 22, 24 और 26 जून को

### 7 जुलाई तक दर्ज किया जा सकता है फीडबैक

जिन भी उम्मीदवारों को प्रश्न पत्र से कुछ भी समस्या है वे निर्धारित अंतिम तिथि 7 जुलाई 2024 तक निदेशक (परीक्षा), द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, आईसीएआई भवन, इंद्रप्रस्थ मार्ग, दिल्ली के पते पर अपना फीडबैक दर्ज कर सकते हैं। प्रश्न पत्र पर फीडबैक/ दावा/ टिप्पणी ई-मेल examfeedback@icai.in के माध्यम से दर्ज किया जा सकता है। इसके अलावा अभ्यर्थी पत्र को लिखकर 7 जुलाई तक निर्धारित पते पर स्पीड के माध्यम से भेज सकते हैं।

### इन डेट्स में आयोजित हुआ था एग्जाम

आईसीएआई की ओर से सीए इंटर ग्रुप 1 की परीक्षा 3, 5 और 9 मई वहीं ग्रुप 2 की परीक्षा 11, 15 और 17 मई 2024 को आयोजित की गई थी। इसके अलावा सीए फाइनल ग्रुप 1 परीक्षा की परीक्षाएं 2, 4 और 8 मई और ग्रुप 2 के लिए एग्जाम्स 10, 14 और 16 मई को संपन्न करवाए गए थे।

### रिजल्ट 5 से 10 जुलाई के बीच

एग्जाम संपन्न होने के बाद उम्मीदवारों को रिजल्ट जारी होने का भी इंतजार है, जो 5 से 10 जुलाई के बीच खत्म हो सकता है। नतीजे ऑनलाइन माध्यम से आईसीएआई की ऑफिशियल वेबसाइट icai.org पर घोषित किया जाएगा, जहां से मांगी गई डिटेल (लॉग इन क्रेडेंशियल) दर्ज करके अभ्यर्थी अपने परिणाम की जांच कर सकेंगे। लेटेस्ट अपडेट के लिए अभ्यर्थी समय-समय पर ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट करते रहें। इधर, ICAI के सेंट्रल काउंसिल मेंबर (CCM) धीरज खंडेलवाल ने बताया कि 5 से 10 जुलाई 2024 के बीच परिणाम जारी किए जा सकते हैं। खंडेलवाल ने आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर लिखा, "परिणाम की तिथि में कुछ मामूली बदलाव हो सकता है और 5 जुलाई से 1 या 2 दिन की देरी हो सकती है। इसलिए, यह 5 जुलाई से 10 जुलाई के बीच जारी हो सकता है।" इससे पहले, खंडेलवाल ने जून महीने में 'एक्स' हैंडल पर किए गए पोस्ट में कहा था कि, "सीए इंटर और फाइनल का रिजल्ट जुलाई के पहले सप्ताह में ही आ सकता है। 2 और 3 जुलाई को हमारी काउंसिल मीटिंग है, इसलिए संभवतः 5 जुलाई को रिजल्ट की तिथि हो सकती है।"

## Yuva स्टोरीज

कॉमर्स कॉलेज के छात्र की दुर्घटना में मृत्यु

### परिजनों को यूनिवर्सिटी ने दी 12 लाख की सहायता



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के कॉमर्स कॉलेज में बी बी ए द्वितीय वर्ष में अध्ययन कर रहे 19 वर्षीय छात्र चिन्मय गौड़ पुत्र संजय शर्मा, निवासी ब्रह्मपुरी जयपुर की जवाहर सर्किल पर राजस्थान रोडवेज की बस से दुर्घटना होने पर मौत हो गई थी। कॉमर्स कॉलेज का यह छात्र बाइक पर था। तभी अचानक असावधानी के चलते सवाई माधोपुर डिपो की बस ने उसे पीछे से टक्कर मारी, जिससे उसकी मृत्यु हो गई थी। राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा ने मंगलवार को इस छात्र के पिता संजय शर्मा को इस दुखद हादसे पर सांत्वना देते हुए राजस्थान विश्वविद्यालय की ओर से जारी 12 लाख रुपए की सहायता राशि का चैक प्रदान किया, इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. रामावतार शर्मा, चीफ प्रॉक्टर प्रो आरएन शर्मा, पीआरओ डॉ. भूपेंद्र सिंह शेखावत भी उपस्थित थे।

### देश में सर्वप्रथम लागू की गई यह दुर्घटना बीमा योजना

राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा मृत छात्र के मनोनीत परिजन को यह सहायता राजस्थान विश्वविद्यालय में देश में पहली बार लागू की गई छात्र दुर्घटना सहायता योजना के तहत प्रदान की गई है, इस योजना के तहत विश्वविद्यालय के किसी भी छात्र के दुर्घटना में घायल हो कर किसी चिकित्सालय में 24 घंटे की अवधि तक चिकित्सा लेने पर एक लाख रुपए की सहायता और मृत्यु होने की स्थिति में छात्र के मनोनीत परिजन को 12 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान किए जाने का इस वर्ष प्रावधान है।

## संवेदनशीलता-उत्कृष्टता की ओर ले जाने का मार्ग

### PGDM के 19वें व PGDM-SM के 6ठे बैच का स्वागत

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, जयपुर में इंडक्शन प्रोग्राम में पीजीडीएम के 19वें बैच और पीजीडीएम-एसएम के 6वें बैच के छात्रों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर ग्रांट थॉर्नटन भारत एलएलपी के मुख्य लर्निंग अधिकारी अंकित झाम्ब मुख्य अतिथि थे। उन्होंने बताया कि संवेदनशीलता और अनुशासन ने कम आत्म-सम्मान वाले व्यक्ति को अनुशासित और आत्मविश्वासी बनने का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने छात्रों को हर चुनौती का सामना करने के लिए प्रेरित किया, यह बताते हुए कि जो लोग निरंतर सीखने की प्यास से प्रेरित होकर अपने सपनों की ओर दौड़ते रहते हैं, उनके लिए सपने साकार होते हैं। एचएसबीसी के सहायक उपाध्यक्ष विजय



सदानानी ने जयपुरिया के पूर्व छात्र होने के नाते अपने कॉलेज जीवन से कॉर्पोरेट जगत तक की व्यक्तिगत यात्रा साझा की। उन्होंने छात्रों को सहपाठियों से सीखने, खुद को आगे बढ़ाने और संघर्षों के बावजूद निरंतर सीखते रहने के लिए प्रेरित किया। जयपुरिया, जयपुर के निदेशक डॉ. प्रभात पंकज ने भी संगठित शिक्षा के महत्व पर मूल्यवान अंतर्दृष्टि साझा की। इस अवसर पर इन-हाउस मैगजीन 'जयपुरियन वर्ल्ड' का भी विमोचन किया गया।

## NEET UG Counselling 2024: 6 जुलाई से काउंसलिंग की हो रही तैयारी

# टॉप मेडिकल संस्थानों में मिलेगा टॉपर्स को प्रवेश




**बेधड़क** | नई दिल्ली

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से नीट यूजी री-टेस्ट का रिजल्ट जारी हो चुका है। अब मेडिकल काउंसिलिंग कमेटी (एमसीसी) की ओर से ओर से 6 जुलाई 2024 से काउंसिलिंग की तैयारी शुरू कर दी गई है।

अभ्यर्थी रैंक के अनुसार काउंसिलिंग में भाग लेकर मेडिकल संस्थानों में प्रवेश सकेंगे। काउंसिलिंग में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों को पहले रजिस्ट्रेशन करना होगा। इसके बाद रैंक के अनुसार सीट आवंटित की जाएगी। सीट आवंटन के बाद अभ्यर्थी को तय तिथियों में प्रवेश लेना होगा।

### AIQ और स्टेट कोटा से प्रवेश

बता दें कि अखिल भारतीय कोटा (AIQ) सीटों में अपनी जगह सुनिश्चित करने वाले अभ्यर्थियों के लिए काउंसिलिंग 6 जुलाई से शुरू हो जाएगी। AIQ के तहत ऑल इंडिया कोटा और दिल्ली विवि (डीयू), बीएचयू और एएमयू सहित डीम्ड विश्वविद्यालयों/ केंद्रीय विश्वविद्यालयों/ ईएसआईसी और एएफएमसी की सभी सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा।

### ये हैं देश के टॉप मेडिकल संस्थान

नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क्स (NIRF) के तहत प्रतिवर्ष देशभर के टॉप संस्थानों की लिस्ट जारी की जाती है। एनआईआरएफ के अनुसार ये हैं देश के टॉप मेडिकल संस्थान-

- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS), नई दिल्ली
- पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, चंडीगढ़
- क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर, तमिलनाडु
- राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान, कर्नाटक
- अमृता विश्व विद्यापीठम, कोयंबटूर, तमिलनाडु
- संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी, उत्तर प्रदेश
- कस्तूरबा मेडिकल कॉलेज, मणिपाल, कर्नाटक
- श्री चित्रा तिरुनल इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी, तिरुवनंतपुरम, केरल
- मद्रास मेडिकल कॉलेज और गवर्नमेंट जनरल, चेन्नई तमिलनाडु



### इंडिया अलायंस से जुड़े छात्र संगठनों का आज होगा देशव्यापी विरोध प्रदर्शन

इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव एलायंस (इंडिया) से जुड़े छात्र संगठनों ने मंगलवार को प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें आइसा, एनएसयूआई, एआईएसएफ, एसएफआई, समाजवादी छात्र सभा, छात्र राजद और एमएसएफ जैसे विभिन्न संगठनों के राष्ट्रीय नेताओं ने नीट यूजी, पीजी और यूजीसी नेट परीक्षाओं में अनियमितताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और एनटीए को समाप्त करने और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। सभा को संबोधित करते हुए आइसा महासचिव प्रसेनजीत कुमार ने कहा, "माफिया की तरह काम कर रही एनटीए को अविलंब समाप्त किया जाना चाहिए। हम असफल शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के तत्काल इस्तीफे की मांग करते हैं।" एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने भी कहा, "अगर रिश्वतखोरी नहीं हुई है, तो धर्मेंद्र प्रधान को सामने आकर सफाई देनी चाहिए। वह चुप क्यों हैं?" एआईएसएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वेदांग ने कहा, "एनटीए केंद्रीकरण और निजीकरण के खेल में एक मोहरा मात्र है। हम एनटीए को तत्काल समाप्त करने की मांग करते हैं।" एनटीए के बैनर तले दिल्ली के जंतर-मंतर पर कई विरोध प्रदर्शनों और एक सप्ताह तक चले धरने के बाद, आइसा ने एकजुट होकर कल, 3 जुलाई को अखिल भारतीय विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है। उन्होंने संसद की घेराबंदी का भी आह्वान किया है। उन्होंने कहा है कि अब और चुप्पी नहीं, हम कार्रवाई की मांग करते हैं!

FMGE Admit Card 2024

## फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट परीक्षा के एडमिट कार्ड आज होंगे जारी



**बेधड़क** | नई दिल्ली

नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) बुधवार को फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन (एफएमजीई) के लिए एडमिट कार्ड जारी करेगा। पंजीकृत उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट natboard.edu.in के माध्यम से एफएमजीई एडमिट कार्ड 2024 डाउनलोड कर सकते हैं। एफएमजीई जून 2024 परीक्षा इस वर्ष 6 जुलाई को आयोजित की जाएगी।

फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट परीक्षा (एफएमजीई) 2024 परीक्षा में उपस्थित होने के लिए उम्मीदवारों को आधिकारिक पोर्टल पर अपने लॉगिन क्रेडेंशियल दर्ज करके प्रवेश पत्र डाउनलोड करना होगा। एफएमजीई जून 2024 परीक्षा देश भर के 50 परीक्षा शहरों के 71 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। जिन छात्रों ने परीक्षा के लिए आवेदन किया है, उन्हें निर्धारित समय पर परीक्षा देनी होगी।

### एग्जाम होगा दो शिफ्ट में

बोर्ड द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार परीक्षा दो शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। पहली शिफ्ट सुबह 9 बजे से 11.30 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 2 बजे से शाम 4.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। एफएमजीई 2024 के लिए उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा के दौरान एनबीईएमएस द्वारा जारी एडमिट कार्ड का प्रिंटआउट और सरकार द्वारा जारी फोटो पहचान पत्र की हार्ड कॉपी ले जाना आवश्यक है।

### विदेशी डिग्री वालों का स्क्रीनिंग टेस्ट

बता दें कि एफएमजीई का मतलब फॉरेन ग्रेजुएट मेडिकल एग्जामिनेशन (एफएमजीई 2024) है, जो भारत में चिकित्सा का अभ्यास करने के लिए पात्र होने के लिए विदेशी मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों के लिए एक स्क्रीनिंग टेस्ट है।

### डाउनलोड की प्रक्रिया

उम्मीदवार नीचे दिए गए चरणों के माध्यम से एफएमजीई एडमिट कार्ड 2024 जारी होने के बाद आसानी से डाउनलोड कर सकते हैं-

- आधिकारिक वेबसाइट natboard.edu.in पर जाएं।
- होमपेज पर, 'Examinations' अनुभाग में 'FMGE Examinations'पर क्लिक करें।
- नया पेज खुलेगा, यहां 'Application Link' पर क्लिक करें।
- अब नीचे की तरफ, एफएमजीई एडमिट कार्ड 2024 लिंक पर क्लिक करें।
- अब अपना पंजीकरण नंबर और अन्य विवरण प्रदान करना होगा।
- एफएमजीई एडमिट कार्ड 2024 स्क्रीन पर दिखाई देगा।
- एफएमजीई एडमिट कार्ड 2024 डाउनलोड करें और सेव करें।

**डिस्कशन** राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए पंजीकरण प्रक्रिया जारी, अंतिम तिथि 15 जुलाई

# 50 शिक्षकों के चयन के लिए 3 चरणों वाली प्रक्रिया

**बेधड़क** | नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 से सम्मानित करेगा। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए आवेदन प्रक्रिया 27 जून से शुरू हो गई है। अगर पात्र शिक्षकों ने अभी तक राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 के लिए आवेदन नहीं किया है तो वे मंत्रालय के पोर्टल nationalawardstoteachers.education.gov.in के जरिए इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक शिक्षक 15 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

इस वर्ष 50 शिक्षकों का चयन तीन चरणों वाली चयन प्रक्रिया अर्थात जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर किया जाएगा। यह पुरस्कार 5 सितंबर 2024 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित समारोह में भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जाएगा।

बता दें कि शिक्षा मंत्रालय का स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग हर साल शिक्षक दिवस यानी 5 सितंबर को कठोर, पारदर्शी और ऑनलाइन चयन प्रक्रिया के माध्यम से चुने गए देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार देने के लिए राष्ट्रीय स्तर का समारोह आयोजित करता है।



### सेवानिवृत्त शिक्षक पात्र नहीं

सेवानिवृत्त शिक्षक इस पुरस्कार के लिए पात्र नहीं हैं, लेकिन जिन शिक्षकों ने कैलेंडर वर्ष के एक भाग (कम से कम चार महीने अर्थात राष्ट्रीय पुरस्कार से संबंधित वर्ष में 30 अप्रैल तक) में सेवा की है, उनके आवेदन पर विचार किया जा सकता है, बशर्ते वे अन्य सभी शर्तें पूरी करते हों। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए केवल न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा वाले नियमित शिक्षक और स्कूल प्रमुख ही पात्र हैं।

### यह होगी चयन प्रक्रिया

मंत्रालय की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, शिक्षकों के नामांकन से लेकर चयन तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन पूरी की जाएगी। ऑनलाइन नामांकन के बाद जिला स्तरीय समिति 16 जुलाई से 25 जुलाई तक शिक्षकों को शॉर्टलिस्ट कर अपनी रिपोर्ट राज्य स्तरीय समिति को भेजेगी। राज्य स्तरीय समिति 26 जुलाई से 4 अगस्त तक बैठक कर राज्य से 3 शिक्षकों का चयन कर उनके नाम राष्ट्रीय निर्णायक मंडल को भेजेगी। राष्ट्रीय निर्णायक मंडल 7 अगस्त से 12 अगस्त तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इन शिक्षकों से संवाद करेगा और उनका प्रेजेंटेशन देखेगा। इसके बाद 13 अगस्त तक राष्ट्रीय पुरस्कार 2024 के लिए शिक्षकों का अंतिम चयन किया जाएगा। राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए उन शिक्षकों का चयन किया जाएगा

### ये स्कूल हैं शामिल

राज्य सरकार, संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन, स्थानीय निकायों और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र बोर्ड से संबद्ध निजी स्कूलों द्वारा संचालित मान्यता प्राप्त प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक एवं प्रधानाचार्य इस पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते हैं। केंद्र के स्कूल- केंद्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी), रक्षा मंत्रालय के सैनिक स्कूल, परमाणु ऊर्जा शिक्षा सोसाइटी (एईईएस) के स्कूल, और जनजातीय मामलों के मंत्रालय के एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूल (ईएमआरएस)। साथ ही, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) और भारतीय विद्यालय प्रमाणपत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) से संबद्ध स्कूल भी शामिल हैं।

# इसरो का चुनौतीपूर्ण मिशन होगा चंद्रयान-4



सुनील कुमार महला
फ्रीलांस राइटर

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी कि 'इसरो' एक बार फिर से दुनिया को चौंकाने की तैयारी में है। जी हां, अपनी अद्वितीय विज्ञान व तकनीकी प्रौद्योगिकी के जरिए 'इसरो' वर्ष 2040 तक भारतीयों को चांद पर भेजने में जुटा हुआ है। 'इसरो' चंद्रयान-4 मिशन पर कार्य कर रहा है। गौरतलब है कि 14 जुलाई 2023 को चंद्रयान-3 ने श्रीहरिकोटा में अवस्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी थी और अंतरिक्ष यान ने 5 अगस्त 2023 को चंद्र कक्षा में निर्बाध रूप से प्रवेश किया। ऐतिहासिक क्षण तब सामने आया जब लैंडर ने 23 अगस्त 2023 को चंद्र दक्षिणी ध्रुव के निकट एक सफल लैंडिंग की। जानकारी देना चाहूंगा कि चंद्रयान-3 की उपलब्धि न केवल हमारे देश भारत के अंतरिक्ष मिशनों में मील का पत्थर साबित हुई, बल्कि इस उपलब्धि ने दुनिया भर में इसरो की वैज्ञानिक क्षमता और तकनीकी कौशल को ऊंचाइयों पर स्थापित कर हम सभी को गौरवान्वित भी किया। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चंद्रयान-3 की लैंडिंग साइट का नाम 'शिव शक्ति' रखा था, जो अब इसरो के आगामी चंद्र मिशनों का एक महत्वपूर्ण बिंदु बनने जा रहा है। अब मीडिया के हवाले से यह खबरें आ रहीं हैं कि भारत 2028 तक अपने चौथे मून मिशन को लॉन्च कर सकता है।

बताया जा रहा है कि इस मिशन को दो हिस्सों में लॉन्च किया जाएगा, क्योंकि इसरो के पास अभी जितने भी ताकतवर रॉकेट हैं, उनमें से किसी में भी चंद्रयान-4 को एक साथ नहीं ले जाया जा सकता है। इसके पीछे कारण चंद्रयान-4 का बहुत भारी होना बताया जा रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के चेयरमैन एस. सोमनाथ ने भारत के महत्वाकांक्षी मून मिशन चंद्रयान-4 के बारे में हाल ही में बताया है कि चंद्रयान-4 को चांद से मिट्टी के नमूने वापस लाने के लिए बनाया गया है। बताता चलूं कि हाल ही में हमारा पड़ोसी चीन चांद से नमूनों को धरती पर लाने का कारनामा कर चुका है।'इसरो' और 'जेक्सा' द्वारा किया जाने वाला यह प्रयास दुनिया में पहली बार होगा क्योंकि इससे पहले किसी भी अंतरिक्ष यान को अलग-अलग हिस्सों में लॉन्च किया जा रहा है और फिर उन हिस्सों को अंतरिक्ष में जोड़ा जा रहा है। बताया जा रहा है कि इसे एक बार में नहीं, बल्कि दो अलग-अलग रॉकेट लॉन्च करके अंतरिक्ष की कक्षा में भेजा जाएगा। फिर अंतरिक्ष में ही इन दोनों भागों को जोड़कर चंद्रयान-4 को कंप्लीट किया जाएगा और उसके बाद ही इसे चांद की ओर भेजा जाएगा। दूसरे शब्दों में कहें तो चंद्रयान-4 चांद से सैंपल लेकर वापस धरती पर लौटेगा। यह एक बार में लॉन्च नहीं किया जाएगा। यह अंतरिक्ष यान के दो हिस्सों को दो लॉन्चिंग के जरिए चांद की कक्षा में भेजा जाएगा। मतलब यह कि चंद्रमा पर लैंडिंग से पहले अंतरिक्ष यान को अंतरिक्ष में ही जोड़ा जाएगा। उल्लेखनीय है कि अंतरिक्ष में ही यान के अलग-अलग हिस्सों को जोड़ने की क्षमता को 'डॉकिंग' नाम से जाना जाता है। इसरो 'डॉकिंग' क्षमता विकसित करने में लगा है। यह क्रमशः पृथ्वी व चांद दोनों की कक्षाओं में काम करेगी। बताया जा रहा है कि स्पेडेक्स (अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग) मिशन इसी क्षमता को दिखाने का उनका पहला मौका होगा। स्पेडेक्स मिशन का मकसद डॉकिंग क्षमता को प्रदर्शित करना है, जो संभवतया इस साल के अंत में किए जाने की संभावनाएं हैं। इतना ही नहीं, देश के अपने अंतरिक्ष स्टेशन को बनाने में भी इसी तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। मतलब यह कि उसके हिस्सों को एक बार में नहीं, बल्कि कई बार में भेजा जाएगा। उन हिस्सों को अंतरिक्ष में ही जोड़कर एक अंतरिक्ष स्टेशन बनाया जाएगा। देश के अपने अंतरिक्ष स्टेशन का नाम भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) होगा।मीडिया के हवाले से जानकारी मिली है कि चंद्रयान-4 मिशन के लिए विस्तृत अध्ययन, आंतरिक समीक्षा और लागत का आंकलन पूरा हो चुका है और इसे जल्द ही स्वीकृति के लिए सरकार के पास भेजा जाएगा। यह उन चार प्रोजेक्ट प्रपोजल्स में से एक है जिनके लिए अंतरिक्ष विभाग अपनी विजन 2047 के तहत स्वीकृति लेना चाहता है। इस विजन के तहत भारत का लक्ष्य 2035 तक अपना खुद का अंतरिक्ष स्टेशन बनाना और 2040 तक चंद्रमा पर मानव को भेजना है। अभी तक इसरो के पास सिर्फ एलवीएम-3 रॉकेट ही है, तो बीएएस का पहला भाग इसी रॉकेट से लॉन्च किया जा सकता है। हमने 2028 तक बीएसए(भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन)का पहला लॉन्च करने का लक्ष्य रखा है। उल्लेखनीय है कि इसरो का मिशन चंद्रयान-4 बेहद जटिल और महत्वपूर्ण मिशन है। इस मिशन की सबसे खास बात यह है कि लैंडर 'इसरो' तैयार कर रहा है और 'रोवर' मॉड्यूल जापान बना रहा है। यह मिशन इसरो और जापान की जेएएक्सए(जेक्सा) द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। ऊपर जानकारी दे चुका हूं कि चंद्रयान-4 की लैंडिंग साइट शिव-शक्ति पॉइंट पर होगी। यह वही स्थान है, जहां चंद्रयान-3 की लैंडिंग हुई थी। ऐसा इसलिए क्योंकि चंद्रयान-3 ने लैंडिंग के बाद चांद पर कई महत्वपूर्ण स्थानों की खोज की थी, जिससे नए मिशन में काफी मदद मिलेगी। इतना ही नहीं, 'इसरो' एनजीएलवी या 'सूर्य' नामक एक नया रॉकेट बना रहा है। यह अभी डिजाइन के अधीन है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> *इसरो के चेयरमैन एस. सोमनाथ ने भारत के महत्वाकांक्षी मून मिशन चंद्रयान-4 के बारे में हाल ही में बताया है कि चंद्रयान-4 को चांद से मिट्टी के नमूने वापस लाने के लिए बनाया गया है। बताता चलूं कि हाल ही में हमारा पड़ोसी चीन चांद से नमूनों को धरती पर लाने का कारनामा कर चुका है। 'इसरो' और 'जेक्सा' द्वारा किया जाने वाला यह प्रयास दुनिया में पहली बार होगा क्योंकि इससे पहले किसी भी अंतरिक्ष यान को अलग-अलग हिस्सों में लॉन्च किया जा रहा है।*

## भरत आदि पूर्वजों के पुण्य कर्म

# इनको जारी रखना हर भारतीय का कर्तव्य



अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारत देश के नामकरण से संबंधित वर्णनों के लिए प्रख्यात वायु पुराण आदि पौराणिक ग्रंथों के अनुसार त्रेतायुग के आरंभ में स्वायंभुव मनु की संतान में प्रियव्रत नाम के एक राजा हुए थे। वह जम्बु द्वीप में राज्य करते थे। जम्बु द्वीप के मध्य में हिमाचल पर्वत है। हिमाचल पर्वत वास्तव में कैस्पियन सागर से आरंभ होकर ब्रह्म देश तक फैला हुआ है। भारत के उत्तर में यह पर्वत बहुत ऊंचाई तक गया है। स्वायंभुव मनु की संतान प्रियव्रत उस द्वीप का शासक था। सतयुग और त्रेतायुग के संधि काल में एक महान घटना घटित हुई थी। उस काल में महा जलप्लावन हुआ था। ऐसी मान्यता है कि उस समय समस्त भूमंडल जलमग्न हो गया था। भूमि का थोड़ा सा ही अंश जल के बाहर रह गया था। यह उस काल की बात है जिस समय प्लावन का जल शनैः- शनैः उतर रहा था। ज्यों- ज्यों जल से बाहर निकल कर भूमि उभरती जाती थी, त्यों-त्यों उस पर स्वयंभुव मनु की संतान अधिकार करके उसको निवास योग्य बना देती थी।

प्रियव्रत की कन्या का विवाह प्रजापति कर्दम के साथ हुआ था। इन दोनों की बहुत संतान हुई। कर्दम के भाई का नाम कुक्षि था। उसकी भी बहुत संतान हुई थी। कुक्षि आदि दस भाई थे। उनमें से सात को पृथक -पृथक राज्य दे दिए गए। उस समय जम्बु द्वीप का राज्य अग्निन्ध को प्राप्त हुआ था। अग्निन्ध का ज्येष्ठ पुत्र नाभि था। उसको हिम देश का शासक बना दिया गया था। उसे हेमकूट वर्ष भी कहा जाता है। नाभि की पत्नी का नाम मरुदेवी था। इनके ज्येष्ठ पुत्र का नाम ऋषभ था। ऋषभ का पुत्र भरत हुआ। भरत को हिम नाम वाला वर्ष दिया गया। यह वर्ष दो सागरों के मध्य में स्थित था। और यह हिमालय से सागर पर्यंत था। अर्थात भरत को उस भारतवर्ष का राज्य मिला, जो 1947 से पूर्व ब्रिटिश इंडिया कहा जाता था। भरत ने राज्य लेते ही वह अपने पुत्र को सौंप दिया और स्वयं सन्यास धारण कर लिया। तब से इस देश का नाम भारतवर्ष हुआ। अर्थात भरत द्वारा त्याग हुआ देश। वर्ष इस कारण कहते हैं कि इसकी प्राकृतिक सीमाएं सिंधु से ब्रह्मपुत्र नदी और हिमालय से सागर तक था। इन प्राकृतिक सीमाओं से ही वर्ष कहाता है। इस प्रकार यह देश महाराज भरत, जो स्वयम्भुव मनु और प्रियव्रत की संतान थे, का देश सिद्ध हुआ। यह त्रेता युग के आदिकाल की बात है। और भारतीय गणना के अनुसार उसे लगभग 22 लाख वर्ष व्यतीत हो चुके हैं। लगभग इतने काल से यह भारत भरत की संतान अथवा उसकी प्रजा का है। इस विचार को मानने वाले ही भारतीय भारतीय कहलाने के अधिकारी हैं। उनका ही इस देश पर प्रथम अधिकार है। अन्य का नहीं। प्राचीन ग्रंथों में मनु को मानव जाति का पिता कहा गया है। वे संसार के सर्वप्रथम स्मृति ग्रंथ अर्थात प्रथम कानून की पुस्तक मनुस्मृति के रचयिता थे, जिसमे उन्होंने मानव जाति को स्वयं का प्रजा कहा है- मानव्यो हि प्रजाः। इसलिए मनु की प्रजा को सदा यह ध्यान रखना चाहिए कि कहीं वह मनु के मार्ग से च्युत न हो जाय।

ध्यातव्य हो कि अपने पिता के यज्ञ कर्म को जारी रखने वाले को ही समाज में किसी भी पिता का संतान स्वीकार किया जाता है। प्रथमतः किसी भी पिता की संतान तभी स्वीकार की जाती है, जबकि वह अपने पिता के यज्ञ कर्म को जारी रखे। अन्यथा उसको संतान कहलाने का अधिकार नहीं है। तब अपने पिता की संपत्ति पर भी उसका अधिकार नहीं माना जाता है। मनुस्मृति के विधान के अनुसार जब किसी मनुष्य का अपना पुत्र न हो तो वह कन्या की संतान को ग्रहण कर उसको पुत्र बना ले और उसके द्वारा अपने यज्ञ कर्म को जारी रखने का यत्न करे। इन पुण्य कर्मों को चालू रखने वाला ही पुत्र कहलाता है। वही पिता की संपत्ति का अधिकारी भी बनता है। यही बात देश की भी है। देश की स्थापना करने वालों ने कुछ पुण्य कर्म जारी किए हैं। जो लोग इन पुण्य कर्मों को जारी रखते हैं। वे देश की नागरिकता के अधिकारी होते हैं। न तो होटलों में जाकर रहने वालों की भांति के लोग किसी देश के स्वामी बन सकते हैं और न ही केवल जन्म लेने मात्र से कोई देश का नागरिक बन सकता है। पिता का उत्तराधिकारी पिता के पुण्य कर्मों को चालू रखने वाला होता है। देश के संबंध में यह बात और भी आवश्यक हो जाता है। इसलिए भरत के पुण्य कर्मों को मानने वाले, जिनका सम्मान देश और जाति से था। उनको जारी रखने वाले ही इस देश के लोग भारतीय कहे जा सकते हैं, न कि कोई विदेशी मत को मानने वाले अब्राहम पंथावलंबी ।

वायु पुराण के अनुसार भरत ने संन्यास ले लिया था। यह प्रथा भारत में आदि सनातन काल से ही प्रचलित है। अधिकांशतया पचास वर्ष की आयु के उपरांत भारत के लोग संन्यास ले लेते थे। मनुस्मृति के अनुसार सन्यासी वह है, जो भरण का भ्रमण करता हुआ जन-जन को मानव धर्म का ज्ञान कराता है। जन-जन के ज्ञान में वृद्धि में सहायक होता है। वर्णाश्रम धर्म, वेदानुयायियों का प्राचीन धर्म है, और इसका पालन करना ही देश में रहने के लिए अधिकारी सिद्ध करता है। वैदिक मतानुसार जीवन में चार वर्ण और चार आश्रम चलाने की विशेष विधा है। इसे जातीय जीवन की विधा कहा जाता था। भरत ने इसकी ही एक विधा को ग्रहण किया था। उसके इस महान त्याग के लिए उनके नाम पर ही इस देश का नाम रख दिया गया था। इस त्याग में देश और समाज का यह हित था कि जो व्यक्ति साधु स्वभाव का हो उसको राज्य प्रशासन जैसा दुर्गम और कठोर कार्य नहीं करना चाहिए। परंतु आज लोग राज्य प्रशासन जैसे कठिन कार्य के योग्य न होने पर भी इसे प्राप्त कर लेने के बाद उसको त्यागना नहीं चाहते। उसका परिणाम यह होता है कि उनके द्वारा देश और समाज के कल्याण की जो अपेक्षा की जाती है, वह उसकी पूर्ति नहीं कर पाते हैं। लेकिन भरत ने ऐसा नहीं किया। उसने जब जब यह अनुभव किया कि राज्य तो उन्हें प्राप्त हो गया है, तदपि उनकी मानसिक अवस्था ऐसी नहीं कि वह राज्य प्रशासन जैसा कठोर कार्य कर सके। इसलिए बिना कुछ सोचे -समझे, बगैर किसी प्रकार की ननु नच करते हुए उसने अपने राज्य की बागडोर अपनी संतान को सौंप दी। उद्देश्य विशेष के लिए त्याग और ज्ञान अर्जन के लिए तपस्या करने के निमित भरत ने उत्तराधिकार में प्राप्त राज्य को अपने पुत्र को सौंप दिया। भरत सूर्यवंशी राजा नहीं था, वह चंद्रवंशी था, लेकिन सूर्यवंशियों की परंपरा भी ऐसी ही थी। लगभग उसी युग की बात है। महाजलप्लावन के पश्चात ही राज्य भार सम्हालने वाले सूर्यवंश के संस्थापक इक्ष्वाकु के काल की। पौराणिक ग्रंथों के अनुसार इक्ष्वाकु प्राचीन भारत के इक्ष्वाकु वंश के प्रथम राजा थे। इक्ष्वाकु विवस्वान (सूर्य) के पुत्र वैवस्वत मनु के नौ पुत्रों- इक्ष्वाकु, नभग ,धृष्ट, शर्याति, नरिष्यन्त, प्रांशु, अरिष्ट, करूष और पृषध्र में प्रथम थे। वैवस्वत मनु की इला नाम की एक पुत्री भी हुई। महाराजा इक्ष्वाकु की माता का नाम श्रद्धा था। महात्मा एवं तपस्वी महाराज होने के कारण इक्ष्वाकु के पश्चात उनके राजवंश के सम्राटों को सूर्य वंशी तथा उनकी भगिनी इला के वंश वाले राजाओं को चंद्र वंशी कहा गया। महाभारत के भीष्म पर्व के नवम अध्याय में अंकित कथा के अनुसार जिस समय इक्ष्वाकु ने राज्य भार सम्हाला था, उससे पूर्व महा जलप्लावन के कारण वेद धर्म का प्रायः लोप सा ही हो गया था। इक्ष्वाकु ने राज्य संभालते ही सर्वप्रथम वैदिक धर्म के प्रचार प्रसार की ओर ध्यान दिया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



> *यह त्रेता युग के आदिकाल की बात है। और भारतीय गणना के अनुसार उसे लगभग 22 लाख वर्ष व्यतीत हो चुके हैं। लगभग इतने काल से यह भारत भरत की संतान अथवा उसकी प्रजा का है। इस विचार को मानने वाले ही भारतीय भारतीय कहलाने के अधिकारी हैं। उनका ही इस देश पर प्रथम अधिकार है। अन्य का नहीं। प्राचीन ग्रंथों में मनु को मानव जाति का पिता कहा गया है। वे संसार के सर्वप्रथम स्मृति ग्रंथ अर्थात प्रथम कानून की पुस्तक मनुस्मृति के रचयिता थे।*

## व्यंग्य

# और कुछ नहीं तो चलो राजनीति ही सही...



राजेंद्र बज
व्यंग्यकार

वैसे तो 'राजनीति 'विशुद्ध रूप से राजनीति ही हुआ करती है। लेकिन सियासी जगत से सर्वथा परे लौकिक आचार-विचार और व्यवहार में अपनी व्यक्तिगत राजनीति करने का बड़ा प्रचलन है। जो शख्सियत ऐसी राजनीति करती है, उसकी राजनीति को समझना मुश्किल ही नहीं बल्कि नामुमकिन हुआ करता है। जिसके रंग-ढंग निराले हो, जो कहता क्या हो और करता क्या हो, जो दिन को रात और रात को दिन करार देने में सिद्धहस्त हो, जिसे यह भी पता न हो कि वह कब क्या कर बैठेगा? ऐसे निराले जीव की क्रिया ही उसकी व्यक्तिगत राजनीति कहलाती है। यह गुण थोड़ा बहुत तो सब में होता ही है।

जो झूठ भी बोले, तो भरपूर आत्मविश्वास के साथ बोलता दिखाई दे और हर वक्त मुद्दे की तलाश में रहे। मुद्दा न मिले तो उसका सृजन करें और दो और दो चार जैसे आसान सवालों पर भी तीन-पांच करता रहे। यदि किसी शख्सियत में ऐसे लक्षण दिखाई दे, तो निश्चित रूप से कूदकर आप इस निष्कर्ष पर पहुंच सकते हैं कि उसकी अपनी जो राजनीति है, वह उसके लिए अव्वल दर्जे की राजनीति है। व्यवहार में भी देखा गया है कि जिसका कोई नहीं ठौर-ठिकाना नहीं होता, उसका पक्का ठिकाना राजनीति का मैदान ही हुआ करता है। दरअसल लोकतांत्रिक देश में जन्म लेने का यही मजा है कि और कुछ नहीं तो राजनीति ही सही!

हमारे मालवा में कहा जाता है कि गोबर भी जमीन पर गिरता है तो धूल लेकर उठता है। इस नजरिए से चाहे भौतिक उपलब्धि हांसिल न की जा सके, लेकिन कुछ भी उल्टा-सीधा करो तो भी सुरक्षित रहा जा सकता है। राजनीति करने के लिए किसी भी प्रकार की अतिरिक्त योग्यता की कोई आवश्यकता नहीं होती। बोलचाल की भाषा में यदि कहा जाए तो राजनीति और कुछ नहीं अपितु फटे में टांग अड़ाने की रीति-नीति हुआ करती है, तो यह बात गुलाब जामुन की तरह गले उतर जाती है। वैसे भी हमारे देश-प्रदेश में युवा हृदय सम्राट, युवा तरुणाई के प्रतीक और हर दिल अजीज की कतई कोई कमी नहीं है। सच पूछा जाए तो एक ढूंढो हजार मिलते हैं।

अब वह जमाना तो रहा नहीं कि राजनीति को भी समाज सेवा के रूप में अंगीकार किया जाता हो। आजकल तो राजनीति में निवेश करने के उपरांत तत्काल प्रभाव से प्रतिफल की आस की जाती है। जी हां, बिल्कुल चट मंगनी और पट ब्याह की परिकल्पना की जाती है। किसी जमे-जमाए और तपे-तपाए भैया का अनुसरण करते हुए भी राजनीति में अपनी पहचान बनाई जा सकती है। अब यह बिल्कुल भी जरूरी नहीं है कि राजनीति यानी कि सियासी गतिविधियों में रुचि रखने वाले ही राजनीति की बात करते हो। जिस प्रकार खेलने वाले घर बैठे कौन बनेगा करोड़पति खेल लेते हैं, वैसा ही कुछ राजनीति में भी तो होता है।

महर्षि चाणक्य ने तो अपने अर्थशास्त्र में राजनीति करने के लिए चार गुणों का उल्लेख किया था। लेकिन बदलते दौर में भाई लोगों ने राजनीति करने और कराने की सैकड़ो नीतियां स्थापित करने का कीर्तिमान ही रच दिया है। बापू कहा करते थे कि जितने व्यक्ति हैं उतने धर्म है, इस लिहाज से कुछ यूं कहा जा सकता है कि जितने व्यक्ति हैं, उनकी उतनी ही राजनीति है। बीते जमाने में राजनीति राजशाही परिवार के नोनीहालों के लिए जन्म सिद्ध अधिकार हुआ करती थी। लेकिन अब हमारे लोकतांत्रिक देश में जन्म लेने पर हर किसी को यह जन्मसिद्ध अधिकार है कि वह राजनीति करें। वैसे भी बेरोजगारी की आलम में जब करने को कोई काम नहीं हो तो राजनीति कोई बुरी नहीं है!

## नॉलेज कॉर्नर: राहुल गांधी के भाषण पर लोकसभा की रूलबुक का नियम 349 बना चर्चा का विषय

# बोलने की मर्यादा सिखाता है नियम 349!

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के लोकसभा में दिया भाषण इन दिनों खासा चर्चा बटोर रहा है। इस बीच लोकसभा में उनके भाषण के दौरान लोकसभा का नियम 349 का कई बार जिक्र किया गया। ऐसे में आखिर में लोकसभा के नियम हैं क्या है, जिनके बारे में बार-बार चर्चाएं की गई हैं। आज के नॉलेज कॉर्नर में जानते हैं लोकसभा के इसी नियम के बारे में।

### यह है लोकसभा के नियम

लोकसभा के नियम लोकसभा की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने के लिए, सदस्यों के व्यवहार और बोलने के तौर तरीकों का निर्धारण करते हैं। इस अनुच्छेद का शीर्षक ही दिया गया है सदन में सदस्यों द्वारा पालन किये जाने वाले नियम। ऐसे में इन नियमों की शुरुआत में साफतौर पर लिखा गया है कि जिस समय सदन की कार्यवाही चल रही हो, एक सदस्य- उपधारा एक में बताया गया है कि सदन की कार्यवाही से संबंधित विषय को छोड़ कर कोई भी पुस्तक नहीं पढ़ेगा। वहीं उपधारा दो में कहा गया है कि बोलते समय किसी भी सदस्य को अव्यवस्थित अभिव्यक्ति या शोर या किसी अन्य अव्यवस्थित तरीके से बाधा नहीं डालनी चाहिए। बता दें लोकसभा में इसका हवाला राहुल गांधी के पक्ष में दिया गया।





### राहुल गांधी को दिया नियम का हवाला

जब लोकसभा की कार्यवाही चल रही थी उस समय राहुल गांधी भगवान शिव का चित्र भी अपने साथ लेकर आए थे। जिसे उन्होंने सदन में बार-बार दिखाया। इस दौरान सत्तापक्ष लगातार उनका विरोध कर रहा था। कांग्रेस की ओर से धारा 349 की उपधारा दो का हवाला दिए जाने पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सदन में किसी भी चित्र का प्रदर्शन नहीं किया जा सकता। हालांकि उन्होंने अपने अधिकारों का प्रयोग करने की जगह नेता प्रतिपक्ष को सलाह मात्र दी थी।

### कम ही देखने को मिल रहा था जिक्र

*देखा जाए तो सदन में नियमवाली का हमेशा हवाला दिया जाता रहा है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इसका प्रयोग कम ही होता रहा है, क्योंकि नियमावली का जिक्र अक्सर प्रतिपक्ष की ओर से ही किया जाता दिखता रहा है। हालांकि ऐसा कहा जा सकता है कि विपक्षी संसदों की संख्या पहले की लोकसभा में कम होने के कारण इसका जिक्र कम देखने को मिल रहा था। आज सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर आज राहुल गांधी के भाषण के दौरान नियमों का उल्लेख कई बार देखने को मिला। हालांकि की आज भी इस नियम का जिक्र मात्र हुआ।*

*कंटेंट: बजरंग बुनकर*



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
संसद के अंदर राहुल गांधी ने हिंदुओं को हिंसक, असत्यवादी और नफरतवादी की संज्ञा दी है। राहुल गांधी न केवल झूठ बोल रहे हैं, बल्कि 125 करोड़ हिंदुओं को अपमानित कर रहे हैं। राहुल गांधी ने अपने भाषण में न केवल हिंदुओं का घोर अपमान किया है बल्कि हिंदू समाज को हिंसक, नफरती और झूठा बताने का काम किया है। कांग्रेस की आदत तुष्टीकरण की नीति अपनाकर वोटों का ध्रुवीकरण करने की है।

## नीट के मसले पर राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखा पत्र, कहा...

# लोकसभा में आज कराएं चर्चा, 24 लाख अभ्यर्थी हैं जवाब के हकदार

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सरकार से बुधवार को लोकसभा में नीट मुद्दे पर बहस कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि हमारा उद्देश्य 24 लाख नीट अभ्यर्थी के हित में रचनात्मक रूप से जुड़ना है, जो जवाब के हकदार हैं। मेरा मानना है कि यह उचित होगा कि आप इस बहस का नेतृत्व करें।

राहुल ने पत्र में कहा, जैसा कि आप जानते हैं, 28 जून को संसद के दोनों सदनों में इस मुद्दे पर बहस के विपक्ष के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया गया था। विपक्ष ने इस मुद्दे पर दोबारा चर्चा कराने का अनुरोध किया था। लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्ष को आश्वासन दिया था कि वह इस मुद्दे पर सरकार से चर्चा करेंगे।



### NEET खत्म करें या तमिलनाडु के विधेयक को मंजूरी दें: द्रमुक सांसद

द्रमुक के राज्यसभा सदस्य पी विल्सन ने मंगलवार को केंद्र सरकार से आग्रह किया कि या तो मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट को समाप्त कर दिया जाए या तमिलनाडु के नीट छूट विधेयक को मंजूरी दी जाए, ताकि राज्य को इस प्रतिस्पर्धी परीक्षा से बाहर रखा जा सके। विल्सन ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस के दौरान कहा कि राज्य विधानसभा ने नीट के बिना मेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश की अनुमति देने वाले विधेयक को 2021 में पारित किया था और बाद में परीक्षा के खिलाफ और नीट के खतरे को दूर करने के लिए सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया था। उन्होंने कहा कि विधेयक करीब तीन साल से केंद्र की मंजूरी के लिए लंबित है। विल्सन ने कहा, हम चाहते हैं कि प्रधानमंत्री तत्काल ध्यान दें। वे राज्य सरकार द्वारा पारित विधेयक को मंजूरी दें या नीट और राष्ट्रीय स्तर पर परीक्षा प्रणाली को समाप्त करने के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम में संशोधन करें।

### सात साल में 70 पेपर लीक

राहुल ने पत्र में आरोप लगाया कि पिछले सात सालों में 70 से अधिक पेपर लीक हुए हैं, जिससे 2 करोड़ से अधिक छात्र प्रभावित हुए हैं। बता दें कि सोमवार को भी राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान केंद्र सरकार को जमकर घेरा था और नीट पेपर लीक समेत तमाम मुद्दों को लेकर करारा हमला किया था।

### लोगों को साहसिक व निर्णायक कदम उठाने की उम्मीद

राहुल ने पत्र में आगे लिखा- हमारी एकमात्र चिंता पूरे भारत में लगभग 24 लाख नीट उम्मीदवारों का कल्याण है। लाखों परिवारों ने अपने बच्चों का भरण-पोषण करने के लिए व्यक्तिगत बलिदान दिया। कई लोगों के लिए, नीट का पेपर लीक जीवन भर के सपने के साथ विश्वासघात है। आज ये छात्र और उनके परिजन हमसे, अपने जन प्रतिनिधियों से इस मुद्दे के समाधान के लिए साहसिक और निर्णायक कदम उठाने की उम्मीद कर रहे हैं। नीट परीक्षा तत्काल ध्यान देने योग्य है क्योंकि इसने हमारी उच्च शिक्षा प्रणाली में गहरी साजिश को उजागर किया है।

### शिवसेना (यूबीटी) ने नार्वेकर को बनाया प्रत्याशी



मुंबई। लोकसभा चुनाव के नतीजों से उत्साहित महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने विधान परिषद चुनाव में अतिरिक्त उमीदवार उतारकर चुनाव को रोचक बना दिया है। शिवसेना-यूबीटी ने विधान परिषद की 11 सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव में मिलिंद नार्वेकर को मैदान में उतारा। इस तरह से चुनाव मैदान कुल 12 उम्मीदवार हो गए हैं। मिलिंद नार्वेकर उद्धव ठाकरे के करीबी माने जाते हैं। मंगलवार को विधान परिषद के चुनाव के लिए महायुति के नौ उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। इसके अलावा विपक्षी महा विकास अघाड़ी के तीन उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। विधान परिषद के इस चुनाव में विधानसभा के सदस्य मतदान करेंगे। एक उम्मीदवार को जीतने के लिए 23 वोट की जरूरत है

### स्त्री अकाली दल ने जताया सुखबीर के नेतृत्व में विश्वास

चंडीगढ़। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) की महिला शाखा ने पार्टी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि इस समय वह पार्टी का नेतृत्व करने के लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति हैं। स्त्री अकाली दल (शिअद की महिला शाखा) की एक बैठक में सदस्यों ने कहा कि पार्टी ने महिलाओं तक पहुंच बनाई है और इसकी अध्यक्ष हरगोबिंद कौर के ठोस प्रयास का बठिंडा में फल मिला है, जहां पार्टी उम्मीदवार हरसिमरत कौर बादल ने जीत दर्ज की है। ज्ञात रहे कि शिअद के वरिष्ठ नेताओं के एक वर्ग ने पार्टी प्रमुख सुखबीर बादल के खिलाफ विद्रोह कर दिया है तथा हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों में पार्टी की हार के बाद उनसे अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की मांग की है।

## चुनावी हलफनामे में आपराधिक केस छिपाने का

# चिराग पासवान के निर्वाचन को दिल्ली हाईकोर्ट में दी चुनौती

### ■ यौन शोषण का है आरोप

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर कर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के सांसद और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के बिहार के हाजीपुर से निर्वाचन को चुनौती दी गई है. मंगलवार को ये याचिका जस्टिस विकास महाजन की बेंच के समक्ष सूचीबद्ध की गई थी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा कि इस याचिका को सुनने का क्षेत्राधिकार पटना हाईकोर्ट है, ऐसे में आपने दिल्ली हाईकोर्ट में कैसे याचिका दायर की है। हाईकोर्ट ने इस सवाल पर 28 अगस्त को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया। याचिकाकर्ता महिला ने 2021 में चिराग पासवान और प्रिंस राज समेत दूसरे आरोपियों के खिलाफ यौन शोषण करने का केस दर्ज कराया था। इसे लेकर दिल्ली में एक एफआईआर भी दर्ज है। ये मामला राऊज एवेन्यू कोर्ट में लंबित है। याचिका में कहा गया है कि चिराग पासवान ने अपने नामांकन के दौरान दाखिल चुनावी हलफनामे में अपने आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी देते समय इस मामले का जिक्र नहीं किया है। चुनावी हलफनामा में इस मामले को छिपाकर चिराग पासवान ने जनप्रतिनिधित्व कानून की दारा 125ए का उल्लंघन किया है।



### क्षेत्राधिकार को लेकर जताई आपत्ति

सुनवाई के दौरान निर्वाचन आयोग की ओर से पेश वकील सिद्धांत कुमार ने कहा कि जनप्रतिनिधित्व कानून के मुताबिक ये याचिका सुनवाई योग्य नहीं है, क्योंकि चुनाव बिहार में हुए हैं। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने कहा कि चुनाव याचिका चुनाव क्षेत्र का कोई मतदाता या उम्मीदवार ही दाखिल कर सकता है। ये याचिका किसी भी कैटेगरी में नहीं आती है। उसके बाद याचिकाकर्ता के वकील ने इस सवाल समेत क्षेत्राधिकार के सवाल पर दलीलें रखने के लिए समय देने की मांग की, जिसके बाद कोर्ट ने सुनवाई 28 अगस्त तक के लिए टाल दिया।

## दिल्ली शराब घोटाले में गिरफ्तारी को चुनौती

# केजरीवाल की याचिका पर HC ने मांगा जवाब

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट में मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर सुनवाई हुई जिसमें दिल्ली शराब नीति घोटाले में दिल्ली के सीएम को CBI द्वारा की गई गिरफ्तारी को चुनौती दी गई है।। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने सीबीआई को नोटिस जारी कर 7 दिन में जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 17 जुलाई को होगी। केजरीवाल की ओर से सोमवार को याचिका दाखिल की गई थी। केजरीवाल ने राउज एवेन्यू कोर्ट के 26 जून के उस आदेश को भी चुनौती दी है, जिसके तहत उनको 3 दिन के लिए सीबीआई की रिमांड पर भेजा गया था। उन्होंन आरोप लगाया कि CBI ने गिरफ्तारी के लिए झूठा आधार बनाया। गिरफ्तारी के लिए कोई तर्क नहीं दिया गया। फिलहाल केजरीवाल 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में हैं। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने गिरफ्तारी पर सवाल खड़े करते हुए हाई कोर्ट में कहा कि FIR 2022 में ही दर्ज की गई थी। उन्हें अप्रैल 2023 में समन किया गया था और 9 घंटे पूछताछ की गई। उसके बाद से कुछ नहीं किया गया और अब गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी मेमो में कुछ कारण बताए जाने की आवश्यकता होती है। कोर्ट ने सिंघवी से कहा कि क्या आप गिरफ्तारी को रद्द करके उन्हें हिरासत से छोड़ने की मांग कर रहे हैं? सिंघवी ने इसका जवाब हां में दिया तो कोर्ट ने पूछा, क्या आपने जमानत याचिका दायर की है? सिंघवी ने जवाब दिया कि अभी ऐसा नहीं किया है, लेकिन ऐसा करने जा रहे हैं। कोर्ट ने CBI को नोटिस जारी करके अपना जवाब दाखिल करने को कहा। जज ने मामले को शनिवार को सूचीबद्ध करने को कहा।

## अभद्र भाषा के इस्तेमाल का आरोप

# नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे पांच दिन के लिए निलंबित

एजेंसी | मुंबई



महाराष्ट्र विधान परिषद ने सदन में अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने पर मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष और शिवसेना (यूबीटी) नेता अंबादास दानवे को पांच दिनों के लिए निलंबित कर दिया। दानवे पर सोमवार शाम विधान परिषद में चर्चा के दौरान भारतीय जनता पार्टी विधायक प्रसाद लाड के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया था। प्रसाद ने लोकसभा में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की 'हिंदू नहीं' संबंधी टिप्पणी की निंदा करते हुए प्रस्ताव लाने की मांग की थी। इस पर शिवसेना नेता ने तीखी प्रतिक्रिया की थी। घटना के बाद विधान परिषद की कार्यवाही तीन बार स्थगित करनी पड़ी क्योंकि भाजपा के सदस्य दानवे के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने मंगलवार को उन्हें निलंबित करने का प्रस्ताव पेश किया। जिसे बहुमत से पारित कर दिया गया। सदन की उपसभापति नीलम गोरे ने निलंबन आदेश पढ़ते हुए कहा कि विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने अनुशासनहीनता दिखाई और विधायक प्रसाद के प्रति अभद्र और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि उनके व्यवहार से परिषद की छवि धूमिल हुई है और उसका अपमान हुआ है। अगर उनके दुर्व्यवहार को नजरअंदाज किया गया तो यह एक गलत परंपरा कायम कर सकता है। उनके दुर्व्यवहार को गंभीरता से लिया गया और सदन ने उन्हें पांच दिन के लिए निलंबित करने और विधान भवन परिसर में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव रखा।

### दानवे का निलंबन एकतरफा फैसला: उद्धव ठाकरे

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को कहा कि दानवे को निलंबित करने का फैसला एकतरफा और पूर्व नियोजित साजिश है। ठाकरे ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि निलंबित करने से पहले दानवे को उनका पक्ष रखने का कोई मौका नहीं दिया गया। ठाकरे ने कहा कि शिवसेना प्रमुख होने के नाते वह दानवे की टिप्पणी से यदि महिलाओं को ठेस पहुंची है, तो उसके लिए माफी मांगते हैं।

## पटना हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती

# आरक्षण के मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय पहुंची बिहार सरकार

एजेंसी | पटना

बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने पटना हाईकोर्ट के बिहार आरक्षण कानून को रद्द करने के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। राज्य सरकार ने वकील मनीष सिंह के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है और दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के लिए कोटा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने की मांग की। बिहार सरकार ने याचिका में कहा है कि उसने जातिगत गणना के आंकड़ों के आधार पर राज्य की नौकरियों एवं शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन में आरक्षण की सीमा को बढ़ाकर 65 प्रतिशत किया है, जो संविधान सम्मत है। पटना हाइकोर्ट ने पिछले महीने 20 जून को बिहार सरकार के इस आदेश को असंवैधानिक करार देते हुए रद्द कर दिया था।




### विपक्ष लगातार घेर रहा था सरकार को

विपक्ष लगातार आरोप लगा रहा था कि राजग सरकार बिहार में आरक्षण को बढ़ाना नहीं चाहती थी। भाजपा आरक्षण के साथ खिलवाड़ करना चाहती है। कुछ दिन पहले ही तेजस्वी यादव ने कहा था कि हमलोगों को संदेह पहले से ही था कि भाजपा के लोग किसी भी हालत में आरक्षण को रोकने का काम करेंगे। हम लोगों ने चुनाव में भी कहा था कि भाजपा के लोग आरक्षण विरोधी लोग हैं।

## बिहार से राज्यसभा की दो सीटें हुई हैं खाली

# उपेंद्र कुशवाहा को BJP के कोटे से सीट

एजेंसी | पटना



बिहार की काराकाट लोकसभा सीट से हाल ही चुनाव हारने वाले राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा को राज्यसभा भेजा जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी अपने कोटे से उन्हें राज्यसभा का टिकट देगी। ज्ञात रहे कि उपेंद्र कुशवाहा राजग का हिस्सा हैं। वह पूर्व में मोदी सरकार में केंद्रीय मंत्री भी रहे हैं। बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने मंगलवार को एक सवाल के जवाब में मीडिया से कहा कि राजग में सभी की सहमति बनी है कि उपेन्द्र कुशवाहा राज्यसभा के लिए चुनाव में उम्मीदवार होंगे। इस बीच, कुशवाहा ने कहा कि राज्यसभा की सदस्यता के लिए राजग की ओर से मेरी उम्मीदवारी की घोषणा के लिए पीएम नरेंद्र मोदी सहित बिहार की आम जनता एवं राष्ट्रीय लोक मोर्चा सहित राजग के सभी घटक दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार।

### एक सीट पर जदयू उतारेगी प्रत्याशी

हाल ही में लोकसभा चुनाव जीतकर संसद पहुंचे बीजेपी के विवेक ठाकुर और आरजेडी की मीसा भारती की राज्यसभा छोड़ने से दो सीटें खाली हुई हैं। इन पर आगामी दिनों में उपचुनाव होने वाले हैं। चौधरी ने कहा कि पार्टी अपने कोटे से एक सीट पर उपेंद्र कुशवाहा को राज्यसभा भेजेगी। वहीं, एक अन्य सीट पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू अपना उम्मीदवार उतारेगी। ज्ञात रहे कि लोकसभा चुनाव में उपेंद्र कुशवाहा को भाजपा के बागी पवन सिंह के निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरने से हार का सामना करना पड़ा था।

### लोकसभा चुनाव में कुशवाहा फैक्टर रहा हावी

बिहार में अगले साल विधानसभा का चुनाव होने हैं। उससे पहले ओबीसी वर्ग की कोइरी जाति पर सभी दलों की नजरें टिकी हुई हैं। पिछले साल हुई जातिगत गणना के आंकड़ों के अनुसार बिहार में कोइरी (कुशवाहा) जाति की आबादी करीब 4 फीसदी है। आरजेडी, जेडीयू, बीजेपी सभी दल इस जाति को खुश करने में लगे हुए हैं। इसका कारण यह है कि बीते लोकसभा चुनाव में कुशवाहा फैक्टर बहुत निर्णायक साबित हुआ था। इस कुशवाहा समुदाय के ध्रुवीकरण से विपक्षी महागठबंधन को फायदा मिला।

## राज्यसभा में सभापति व नेता प्रतिपक्ष खरगे के बीच तीखी नोक-झोंक

# धनखड़ की नसीहत-आप हर बार आसन का अनादर नहीं कर सकते

एजेंसी | नई दिल्ली

मंगलवार को राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान सभापति जगदीप धनखड़ और कांग्रेस के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के बीच तीखी बहस हो गई। इस दौरान धनखड़ ने खरगे को फटकार भी लगाई। सभापति ने उन पर बार-बार आसन का अनादर करने का आरोप लगाया। धनखड़ ने कहा, आप (खरगे) हर बार आसन पर हमला नहीं कर सकते। आप हर बार आसन का अनादर नहीं कर सकते। आप अचानक खड़े होकर जो कुछ भी कहना चाहते हैं, बोल देते हैं, बिना यह समझे कि मैं क्या कह रहा हूं।



यह टिप्पणी धनखड़ और खरगे के बीच तीखी नोकझोंक के बीच आई। हुआ कुछ यूं कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कांग्रेस के सदस्य प्रमोद तिवारी भाषण दे रहे थे। मोदी सरकार को घेरते-घेरते उन्होंने कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत काफी कम थी, तब भी सरकार ने तेल के दाम नहीं घटाए। हो सकता है कि प्रधानमंत्री ने अपने दोस्तों को फायदा पहुंचाने के लिए ऐसा किया हो। इस पर सभापति जगदीप धनखड़ ने ऐतराज किया और प्रमोद तिवारी से कहा कि अगर आपके पास सबूत हो, तब ही ये बात कहिए। उसी वक्त कांग्रेस के जयराम रमेश अपनी सीट से खड़े हो गए और सभापति की बातों को काटते हुए दलील रखने लगे। इस पर धनखड़ ने जयराम रमेश से कहा, आप इतने बुद्धिमान, इतने प्रतिभाशाली, इतने प्रतिभावान हैं कि आपको तुरंत आकर खरगे की जगह सीट ले लेनी चाहिए। कुल मिलाकर, आप उनका काम कर रहे हैं, उनका (खरगे का) अपमान कर रहे हैं।

### आपके दिमाग में अभी भी वर्ण व्यवस्था: खरगे

धनखड़ की टिप्पणी पर खरगे ने सोनिया गांधी की ओर इशारा करते हुए कहा, जिसने मुझे बनाया, वह यहां बैठी है। कोई जयराम रमेश मुझे नहीं बना सकता। खरगे ने कहा, वर्ण व्यवस्था अभी भी आपके दिमाग में है। इसलिए आप रमेश को बहुत बुद्धिमान और मुझे मूर्ख कह रहे हैं। इस पर सभापति ने कहा, 'खरगे जी, आप मेरी बात को नहीं समझ पाए। जितना मैं आपका आदर करता हूं, उसका एक अंश भी आप मेरे लिए करेंगे तो आपको महसूस होगा। मैंने कहा क्या है? मैंने कहा कि जब प्रथम पंक्ति में आप जैसा व्यक्तित्व है, 56 साल का अनुभव है, उनको भी हर कदम के ऊपर जयराम रमेश टीका-टिप्पणी करके मदद करना चाहते हैं। अभी देखिए। एक प्रॉब्लम है, उसको आपको सॉल्व करना है।

### मेरे में बहुत धैर्य...सहनशक्ति...खून का घूंट पी सकता हूं: जगदीप धनखड़

सभापति धनखड़ ने लहजा अपनाते हुए यह भी कहा, इस देश के इतिहास और संसदीय लोकतंत्र में कभी भी आसन का इस तरह का अपमान नहीं किया गया, जैसा आपने किया है। सलीका सीखिए। मेरे में बहुत धैर्य है, बहुत सहनशक्ति है। खून का घूंट पी सकता हूं। मैंने कितना बर्दाश्त किया है। आपको किसने बनाया ये आप जाने। मैंने जो मुद्दा उठाया, कैसे आपने ट्विस्ट किया। अंदाजा लगाइए। मेरे को भी पीड़ा होती है...कितने मौके आए हैं जब आपकी प्रतिष्ठा को कितना बड़ा धक्का लगा है पीछे से। मैंने देखा है। मैंने आपकी प्रतिष्ठा को बचाने की कोशिश की है और आप मुझे लांछित कर रहे हैं...सर ऐसा मत कीजिए। मैं सिंपल आदमी हूं। झुककर चलता हूं। पर ऐसा नहीं होना चाहिए। ज्ञात रहे कि एक दिन पहले सोमवार को भी राज्यसभा में खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसभा चुनाव के दौरान दिए गए भाषणों की आलोचना की और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खिलाफ भी आरोप लगाए। हालांकि सभापति जगदीप धनखड़ ने उनकी ज्यादातर टिप्पणियों को सदन की कार्यवाही से निकाल दिया।

## जरूरी खबर

### भाजपा नेताओं पर दर्ज 47 मामलों की जांच पर रोक

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने भाजपा के कार्यकर्ताओं के खिलाफ विस्तृत जांच पर अंतरिम रोक लगा दी है। दरअसल, पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम में लोकसभा चुनाव से पहले और बाद में 47 भाजपा कार्यकर्ताओं पर एफआईआर दर्ज की गई थी। इस मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब दाखिल करने को कहा है। तृणमूल कांग्रेस सरकार पर गलत इरादे से भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामले दर्ज कराने का आरोप लगाया गया है। अदालत ने कहा कि इस मामले में पहले पुलिस की प्रारंभिक जांच पूरी होनी चाहिए। जब तक प्रारंभिक जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक पुलिस इस मामले की विस्तृत जांच में आगे नहीं बढ़ सकती। उच्च न्यायालय में न्यायाधीश अमृता सिन्हा ने राज्य सरकार से जवाब मांगते हुए एक हलफनामा दायर करने को कहा।

### टीवी रविचंद्रन देश के नए डिप्टी NSA बने



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु कैडर के 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी टीवी रविचंद्रन को मंगलवार को नया उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया गया। रविचंद्रन को मंगलवार को इस पद पर नियुक्त किया गया। वह अभी इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) के विशेष निदेशक के पद पर हैं। वहीं, भारतीय खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग के पूर्व प्रमुख राजिंदर खन्ना को अतिरिक्त राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाया गया है। दोनों अधिकारी कार्यभार ग्रहण करने के दिन से दो साल तक इन पदों पर बने रहेंगे। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय की ओर से यह जानकारी दी गई।

### बारामूला में आतंकियों का सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले से लश्कर-ए-तैयबा और इससे जुड़े संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' के आतंकियों के एक सहयोगी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से बड़ी मात्रा में हथगोले और विस्फोटक सामग्री बरामद हुई है। पुलिस ने बताया कि अतंकियों का सहयोगी बारामूला शहर में आतंकवादी हमले को अंजाम देने की साजिश रच रहा था। कश्मीर पुलिस जोन के प्रवक्ता ने बताया कि उसके पास से एक पिस्तौल, एक मैगजीन, तीन हथगोले बरामद किए गए हैं। आरोपी की पहचान डेंजरपोरा शीरी के शाकिर अहमद लोन के रूप में हुई।

## सहमति पत्र पर हस्ताक्षर




**नई दिल्ली।** सेना और तमिलनाडु औद्योगिक विकास निगम के बीच तमिलनाडु रक्षा औद्योगिक कॉरिडोर में मानव रहित विमान (यूएवी) की परीक्षण फेसेलिटी, इलेक्ट्रोनिक वारफेयर व इलेक्ट्रो ऑप्टिक्स डोमिन की स्थापना के लिए एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने भी उपस्थित थे।

### बंगाल: भीड़ ने मां-बेटे पर किया हमला

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में मंगलवार को भी भीड़ के हमले की एक वीडियो क्लिप सामने आई, जिसमें कथित तौर पर उत्तर 24 परगना जिले के अरियादाहा में एक लड़के और उसकी मां पर लोग हमला करते हुए दिख रहे हैं। वहीं इस मामले में एक अधिकारी ने बताया कि रविवार रात को हुए इस वारदात के सिलसिले में पुलिस ने कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में जो मुख्य आरोपी जो सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का करीबी माना जाता है, जो फिलहाल फरार बताया जा रहा है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमले के पीछे की वजह की जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि वीडियो फुटेज में साफ दिख रहा है कि कॉलेज के छात्र और एक व्यक्ति के बीच कहासुनी हो रही थी, जो जल्द ही झगड़े में बदल गई। इस घटना से इलाके में व्यापक आक्रोश फैल गया था। कोलकाता सहित पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में एक सप्ताह के भीतर इसी तरह की भीड़ हिंसा की अलग-अलग घटनाओं में चार लोगों की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई।

## मोदी ने धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के जवाब में कांग्रेस व राहुल को घेरा

# हिंदू समाज की वजह से आज देश में लोकतंत्र व सहिष्णुता

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा में पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी सहित विपक्ष पर जमकर हमला भी बोला है। उन्होंने कहा कि सदन के सोमवार के दृश्यों को देखकर हिंदू समाज को भी सोचना होगा कि अपमान करने वाले ये बयान संयोग हैं या कोई प्रयोग की तैयारी है। उन्होंने यह भी कहा है कि अग्निवीर योजना पर भी कांग्रेस झूठ फैलाने का काम कर रही है उन्होंने कहा कि मुझे कुछ लोगों की छटपटाहट समझ में आती है। खासतौर पर ऐसे लोग जो लगातार तीसरी बार बुरी तरह से हारे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के एक बयान पर स्वामी विवेकानंद का जिक्र करते हुए कहा कि स्वामी जी ने दुनिया को सहिष्णुता का संदेश दिया था। आज यदि भारत में लोकतंत्र है और सहिष्णुता है तो इसकी वजह है कि देश में हिंदू समाज बहुसंख्यक है। पीएम मोदी ने कहा कि इन लोगों ने तो हिंदू आतंकवाद जैसी शब्दावली भी गढ़ दी थी। कांग्रेस के इस रवैये को देश की जनता माफ नहीं करेगी।



### कांग्रेस को विपक्ष में बैठने का जनादेश

पीएम मोदी ने लोकसभा चुनाव के नतीजों पर कहा कि राजग का तीसरी बार सरकार में आना एक ऐतिहासिक घटना है। आजादी के बाद ये सौभाग्य दूसरी बार इस देश में आया है और 60 साल के बाद आया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, कांग्रेस को यही जनादेश मिला है कि विपक्ष में बैठो और तर्क न हों तो चिल्लाते रहो। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के साथ-साथ हमारे देश में 4 राज्यों के भी चुनाव हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमने सर्वधर्म समभाव के विचार को लेते हुए तुष्टीकरण नहीं किया है बल्कि संतुष्टीकरण किया है। उन्होंने कहा कि तुष्टीकरण ने इस देश को तबाह किया है। इसलिए हमने सभी से न्याय और किसी का भी तुष्टीकरण नहीं की नीति को अपनाया है।

### परजीवी बन चुकी है कांग्रेस

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं की बयानबाजी ने शोले फिल्म को भी पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा, 'शोले में एक मौसी जी थीं... तीसरी बार ही तो हारे हैं, पर मौसी मोरल विक्ट्री तो है ना। अरे मौसी 13 राज्यों में 0 सीटें आई हैं, पर हीरो तो है ना। अरे पार्टी की लुटिया तो डुबोई है, पार्टी अभी भी सांसें तो ले रही है। उन्होंने कहा कि 16 राज्यों में कांग्रेस जहां अकेले लड़ी, वहां उसका वोट शेयर गिर चुका है। गुजरात, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश, तीन राज्यों में जहां कांग्रेस अपने दम पर लड़ी और वहां 64 में से सिर्फ 2 सीट जीत पाई है। इसका साफ मतलब है कि इस चुनाव में कांग्रेस पूरी तरह परजीवी बन चुकी और अपने सहयोगी दलों के कंधे पर चढ़कर सीटों का आंकड़ा बढ़ाया है।

### कांग्रेस पार्टी दलित और पिछड़ा विरोधी

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी दलित और पिछड़ा विरोधी है। उसका इतिहास ऐसी दलित विरोधी घटनाओं से अटा पड़ा है। उन्होंने कहा कि डॉ.अंबेडकर ने दलितों की उपेक्षा की वजह से प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरू की कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। पीएम मोदी इतने पर ही नहीं रुके। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का जिक्र करते हुए कहा कि इमरजेंसी के बाद जगजीवन राम के पीएम बनने की संभावना थी। इंदिरा गांधी ने ये पक्का किया कि जगजीवन राम किसी भी कीमत पर पीएम न बन पाएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चौधरी चरण सिंह के साथ भी यही व्यवहार किया था। बिहार के ही पिछड़े समुदाय के नेता रहे सीताराम केसरी के साथ भी कांग्रेस ने अपमानजनक व्यवहार किया था, जबकि केसरी कांग्रेस के अध्यक्ष थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस आरक्षण विरोधी रही है। उसनें मंडल कमीशन की रिपोर्ट लंबे समय तक दबा रखी थी लेकिन वीपी सिंह की सरकार ने उसे लागू किया।

## राहुल गांधी ने लोकसभा स्पीकर को लिखा पत्र

# भाषण के अंश हटाने पर आपत्ति

एजेंसी | मुंबई

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर सदन में उनके भाषण के कुछ अंशों को हटाए जाने पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि टिप्पणी को चुनिंदा ढंग से हटाया जाना तर्क के खिलाफ है और मेरी टिप्पणियों को फिर से बहाल किया जाना चाहिए। ज्ञात रहे कि राहुल गांधी ने सोमवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान उन्होंने कुछ टिप्पणियां कीं, उन्हें बाद में हटा दिया गया था। बिरला को लिखे पत्र में राहुल ने कहा कि हालांकि सभापति को सदन की कार्यवाही से कुछ टिप्पणियों को निकालने का अधिकार प्राप्त है, लेकिन इसमें केवल उन शब्दों को हटाने का प्रावधान है, जिनकी प्रकृति लोकसभा के प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमों के नियम 380 में निर्दिष्ट की गई है। लेकिन, मैं यह देखकर स्तब्ध हूं कि किस तरह मेरे भाषण के काफी हिस्से को कार्यवाही से निकाल दिया गया।



### सत्य को मिटाया नहीं जा सकता

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला और दावा किया कि उन्होंने लोकसभा में जो कहा, वह सच है। संसद के बाहर संवाददाताओं से उन्होंने कहा, 'मोदी जी की दुनिया में सत्य को मिटाया जा सकता है। लेकिन वास्तव में सत्य को मिटाया नहीं जा सकता। मुझे जो कहना था, मैंने कह दिया, वही सत्य है। वे जितना चाहें मिटा सकते हैं। सत्य तो सत्य है।

## हाथरस त्रासदी...

# आंसू व चीख-पुकार... शवों व घायलों के बीच अपनों की तलाश



एजेंसी | हाथरस

हाथरस के सिकंदराराऊ क्षेत्र में मंगलवार को सत्संग के दौरान मची भगदड़ से अनेक परिवार उजड़ गए। घटना स्थल पर शव बिखरे पड़ थे और हर तरफ चीख-पुकार मची थी। सत्संग में राजस्थान, मध्यप्रदेश के साथ ही उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए लोग शवों और घायलों के बीच अपने साथियों और अपनों को खोजने में जुटे हुए थे। प्रशासन व स्थानीय लोग घायलों को लेकर सिकंदराराऊ सीएचसी के साथ ही हाथरस, कासगंज और एटा के अस्पतालों की ओर लोग घायलों को लेकर दौड़ पड़े। एक के बाद एक लाशें पोस्टमार्टम हाउस तक पहुंचनी शुरू हो गई। देखते ही देखते मौतों का आंकड़ा बढ़ता चला गया। सत्संग वाली जगह से लेकर पोस्टमार्टम हाउस तक शव नजर आने लगे। एक साथ इतने लोगों के आने से अस्पताल में अफरातफरी मच गई। अस्पताल परिसरों में मृतकों के बीच रोते बिलखते लोग अपनों की तलाश कर रहे थे। हाथरस से लेकर अलीगढ़ और एटा पोस्टमार्टम हाउस तक करीब 107 शवों को ले जाया गया।

### मदद को बढ़े हाथ आसपास के गांवों से दौड़े आए लोग

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे की जानकारी मिलते ही करीबी गांव मुगलगढ़ी और फुलरई से लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। लोगों ने भीड़ में दबे सत्संगियों को अस्पताल भिजवाया। युवक बचाव कार्य में जुट गए। तमाम सत्संगी एक दूसरे से बिछड़ गए। ग्रामीण युवकों ने माइक संभलकर लापता लोगों को उनके परिजनों से मिलने के लिए काफी देर तक आवाज लगाते रहे। कुछ लोग आवाज सुनकर अपने परिजनों से मिल भी गए। मृतकों की पहचान के लिए उनके परिजन मौके पर बिखरे पड़े सामान से मिलान करने में लगे थे।



### बिखरा पड़ा था मृतकों का सामान

भगदड़ और एक दूसरे के नीचे दबे लोगों की घटना के बाद खाली खेत में सामान बिखरा पड़ा था। इसे देखकर परिजन पहचान करने की कोशिश कर रहे थे। मौके पर किसी सत्संगी का भोजन की पोटली तो किसी के जूते, चप्पल, सैंडल, कपड़े, पानी की बोतलें पड़ीं थी। भारी मात्रा में जुटे चप्पल और सामान को देखने से ही हादसे में मरने वाले लोगों की संख्या का अनुमान लगाया जा सकता है।

### 20 बीघा जमीन पर सत्संग स्थल



मुगल गढ़ी और फुलरई के बीच करीब 200 बीघा जमीन पर सत्संग में सवा लाख से अधिक लोग शामिल हुए थे। इसकी तैयारी पिछले 15 दिनों से चल रही थी। तमाम जिलों के सत्संगी 24 घंटे पहले यहां आकर जमने शुरू हो गए। आलम यह कि तीन किलोमीटर दूर तक वाहनों की कतारें लगी हुई थीं।

## ISRO को मिली एक और सफलता

# आदित्य-L1 ने पूरा किया हेलो ऑर्बिट का पहला चक्कर

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत की पहली अंतरिक्ष-आधारित सौर वेधशाला, आदित्य-एल1, ने सूर्य और पृथ्वी के बीच एल1 लैग्रेंजियन बिंदु के चारों ओर यानी हेलो ऑर्बिट का एक चक्कर पूरा कर लिया है। आदित्य-एल1 को पिछले साल 2 सितंबरको लॉन्च किया गया था और इस साल 6 जनवरी, 2024 को हेलो ऑर्बिट में उसे स्थापित किया गया था। आदित्य-एल1 ने इसके साथ ही अपने जटिल प्रक्षेप पथ को बनाए रखने की अपनी क्षमता का सफलता पूर्वक प्रदर्शन किया है।: भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। सूर्य का अध्ययन करने के लिए डिज़ाइन किए गए अंतरिक्षयान आदित्य-एल1 पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर पृथ्वी और सूर्य के बीच लैग्रेंजियन बिंदु 1 (एल1) के चारों ओर एक हेलो कक्षा में परिक्रमा कर रहा है।



### भारत का पहला सूर्य मिशन है आदित्य-L1


आदित्य-एल1 सूर्य की निगरानी के लिए भारत का पहला समर्पित मिशन है, विशेष रूप से यह समझने के लिए कि जब सूर्य सक्रिय होता है तो क्या होता है। सौर वेधशाला को 400 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है।

### क्या है एल1 प्वाइंट

'एल1 प्वाइंट' पृथ्वी और सूर्य के बीच की कुल दूरी का लगभग एक प्रतिशत है। इसी प्वाइंट के इर्द गिर्द ही आदित्य एल वन को स्थापित किया गया है। 'एल1 प्वाइंट' के चारों ओर प्रभामंडल कक्षा में इस उपग्रह से सूर्य को लगातार देखा जा सकता है। इसी प्वाइंट के चारों ओर मौजूद ऑर्बिट को सोलर हैलो ऑर्बिट कहा जाता है। इसी ऑर्बिट में आदित्य एल वन को स्थापित किया गया है।

### 178 दिन लगते हैं एक चक्कर पूरा करने में

यान को एल1 बिंदु के चारों ओर एक चक्कर पूरा करने में लगभग 178 दिन लगते हैं। इसरो ने कहा है कि इस स्थान पर अंतरिक्ष यान को विभिन्न अवरोधक का सामना करना पड़ता है जो इसे लक्षित पथ से भटका सकते हैं लेकिन इन ताकतों का मुकाबला करने के लिए, हमने मिशन की शुरुआत के बाद से तीन महत्वपूर्ण स्टेशन-कीपिंग अभ्यास किए हैं। पहले दो अभ्यास क्रमशः 22 फरवरी और 7 जून, 2024 को हुए थे। मंगलवार को तीसरे अभ्यास ने यह सुनिश्चित किया है कि एल1 के चारों ओर दूसरे हेलो कक्षा में इसकी यात्रा जारी रहे। इसरो ने बताया, इस फेरबदल के साथ, आदित्य-एल1 मिशन के लिए यूआरएससी-इसरो में विकसित अत्याधुनिक उड़ान गतिशीलता सॉफ्टवेयर पूरी तरह से स्थापित हो गया है।



फिक्की फ्लो जयपुर चैप्टर की मेंबर्स ने किया पश्चिमी नौसेना कमान मुंबई का दौरा

# लेडीज ने जहाज और पनडुब्बी देखी और जाना जवानों का शौर्य

बेधड़क | जयपुर

जयपुर की लेडीज देश के रखवालों से मिली और उनके कामों की जानकारी पाते हुए उनसे इंटरेक्ट किया। मौका था फिक्की फ्लो जयपुर चैप्टर की 130 से अधिक महिलाओं के पश्चिमी नौसेना कमान मुंबई के दौरे का। फिक्की फ्लो जयपुर चैप्टर (2024-25) की अध्यक्ष रघुश्री पोद्दार के नेतृत्व में भारतीय नौसेना की परिचालन कुशलता और सामरिक महत्व की एक विशेष झलक देखने ये लेडीज पहुंची थीं।



### अधिकारियों ने बताए किस्से-कहानियां

मिलन सत्र में नौसेना में सेवा करने के लिए आवश्यक कठोर प्रशिक्षण, चुनौतीपूर्ण मिशनों और अटूट समर्पण के बारे में बताया गया। अधिकारियों द्वारा साझा की गई व्यक्तिगत कहानियों ने मैंबर्स के जीवन और राष्ट्र की रक्षा के लिए किए गए बलिदानों की दुर्लभ झलक पेश की। इस अनूठे दौरे ने न केवल सदस्यों की भारतीय नौसेना की महत्वपूर्ण भूमिका की समझ को गहरा किया, बल्कि फिक्की फ्लो जयपुर चैप्टर के भीतर समुदाय की भावना को मजबूत किया। मैंबर्स अविस्मरणीय यादों और भारतीय नौसेना के समर्पण के प्रति नई सराहना के साथ जयपुर लौटे।



### भारतीय नौसेना के उपकरणों की ली जानकारी

दिन की शुरुआत नौसेना की भूमिका और क्षमताओं पर ब्रीफिंग से हुई और इसके बाद नौसैनिक जहाजों और सुविधाओं का विस्तृत दौरा किया गया। सदस्यों ने युद्धपोतों और पनडुब्बियों का भी दौरा किया, जिससे उन्हें भारतीय नौसेना के अत्याधुनिक उपकरणों और उनकी संचालन शक्ति के बारे में अनुभव मिला।

कैप्टन अल्ता मोहन ने इस दौरे को सफलतापूर्वक संपन्न किया। दौरे का मुख्य आकर्षण विशेष बैठक थी, जहां रघुश्री पोद्दार और कुछ सदस्यों ने पश्चिमी नौसेना कमान के प्रमुख फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (एफओसी-इन-सी) वाइस एडमिरल संजय जे सिंह एवीएसएम एनएम के साथ बातचीत करने का सम्मान प्राप्त किया। बैठक के दौरान वाइस एडमिरल ने भारतीय नौसेना के सामरिक महत्व, इसकी परिचालन तत्परता और राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया। शाम को नेवी नगर कोलाबा स्थित डब्ल्यूएनसी ऑफिसर्स मेस में रात्रि भोज आयोजित किया गया। सदस्यों को नौसेना अधिकारियों के साथ बातचीत करने का अवसर मिला।

## फूल बंगले में विराजे खाटू वाले श्याम धणी



**जयपुर।** श्रीश्याम प्राचीन मंदिर कांवटियों का खुर्रा, रामगंज बाजार में महंत प. लोकेश मिश्रा के सानिध्य में एकादशी अरदास कीर्तन में श्रीश्याम भजन संध्या परिवार सेवा समिति की ओर से भजनामृत रस गंगा बहाई गई। कार्यकम संयोजक राजेंद्र खंडेलवाल ने बताया कि बाबा श्याम की अखंड ज्योत प्रज्वलित कर गणेश वंदना के साथ भजन संध्या का शुभारंभ हुआ। श्याम बाबा को फूल बंगले में विराजमान कर शृंगार झांकी सजाई गई और ग्रीष्म ऋतु व्यंजनों का भोग लगाया गया। श्याम भजन संध्या सेवा परिवार के शंकर झालानी, शंकर नाटाणी और राजू महरवाल ने भजन सुनाए। एकादशी अरदास कीर्तन में सभी सदस्य पुष्प वर्षा करते रहे। कीर्तन में आए अतिथियों का दुपट्टा ओर प्रसाद देकर सम्मान किया गया। भजन संध्या में राम बाबू झालानी सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## अर्चित सागर का वर्षा योग स्थापना 21 को

**बेधड़क. जयपुर।** आचार्य विवेक सागर के शिष्य अर्चित सागर का वर्षायोग स्थापना समारोह 21 जुलाई को णमोकार भवन बरकत नगर में होगा। चक्रेश कुमार जैन परिवार वर्षायोग के पुण्यार्जक होंगे। वर्षायोग समिति महामंत्री निर्मल कुमार जैन ने बताया कि समिति ने केकड़ी जिले के ग्राम सरवाड़ पहुंचकर अर्चित सागर को श्री फल समर्पित कर वर्षायोग के लिए निवेदन किया, जिसे उन्होंने स्वीकार करते हुए बरकत नगर में वर्षायोग स्थापना की घोषणा की।



## City इवेंट्स

### पौधों की देखभाल और श्रमदान किया



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुराइट्स ने टीम 10 ट्री एंबुलेंस के साथ विद्याधर नगर के सेक्टर 7 के ज्ञान ज्योति स्कूल की तरफ जाने वाली ग्रीन बेल्ट में पौधारोपण और श्रमदान किया। दूसरे ग्रुप ने दीवारों और रेलिंग पर रंग किया तो कॉलोनी के बड़े लोहे के गेट पर ऑयल पेंट किया गया। एक अन्य ग्रुप ने बड़े टैंकर से पौधों में पानी डाला। चौथा ग्रुप विद्याधर नगर की विभिन्न गलियों से पिकअप द्वारा मलवा उठाने पहुंचा और लोगों को भी जागरूक किया।

### सुरेंद्र सिंह बने डिप्टी वाइस चेयरमैन

**बेधड़क, जयपुर। एमएसएमई प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया के स्टेट चेयरमैन सुमंत सिंह जागावत ने सुरेंद्र सिंह को डिप्टी वाइस चेयरमैन के पद पर नियुक्त किया। सुरेंद्र सिंह की नियुक्ति केंद्र सरकार की ओर से संचालित एमएसएमई योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के मकसद से की गई है।**



### योगेश्वर स्वरूप से होगा साक्षात्कार

**बेधड़क, जयपुर।** पावन चिंतन धारा आश्रम के सांस्कृतिक प्रकल्प 'परिवर्तन' की ओर से राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में 6 जुलाई को नाट्य प्रस्तुति 'कृष्ण' का मंचन किया जाएगा। मैन ऑडिटोरियम में शाम 6 बजे से प्रस्तुति का मंचन होगा। डॉ. पवन सिन्हा 'गुरुजी' के मार्गदर्शन में युवा कलाकार श्रीकृष्ण के योगेश्वर व कर्मयोगी स्वरूप से रूबरू कराएंगे। नाटक में कई प्रश्नों जैसे कर्म क्या है, सही लोगों को कष्ट क्यों भोगना पड़ता है, क्रोध पर नियंत्रण कैसे प्राप्त करें, विद्यार्थी कैसे मन को एकाग्र करें, जीवन को उपयोगी कैसे बनाए, आदि नैतिक और नीतिगत सवालों के जवाब श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र के माध्यम से देने का प्रयास किया जाएगा। दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ, लखनऊ और अमृतसर में सफल आयोजन के बाद राजस्थान में पहली बार इस नाट्य का मंचन किया जाएगा।



लीगल एड क्लिनिक की अनूठी पहल

## गांवों में जाकर लोगों को युवाओं ने किया कानून के प्रति जागरूक




बेधड़क | जयपुर

युवाओं ने गांव के लोगों को कानून के बारे में जानकारी देते हुए जागरुक किया। इसके लिए युवा गांवों में गए और वहां पर स्थानीय लोगों से मिलकर उनसे बातचीत की। मौका था जेईसीआरसी के स्कूल ऑफ लॉ के लीगल ऐड क्लिनिक की पहल का, जिसमें समाज की सेवा की जा रही है। इसका उद्देश्य आसपास के गांवों में कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने लोगों को उनके अधिकारों को समझाया और वहां के बच्चों की शिक्षा को समर्थन देने के लिए एक पूर्णताम सामाजिक पुस्तकालय स्थापित किया।

नियमित रूप से युवाओं को गांवों में भेजा गया, ताकि वे वहां की कानूनी चुनौतियों को समझें। प्रो. महेश कूलवाल ने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज में कानूनी जागरूकता फैलाना भी है, जिससे सभी को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक न्याय मिल सके। डॉ. नमिता जैन ने बताया कि मूट कोर्ट प्रतियोगिताओं, कार्यशालाओं और प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से तर्क-वितर्क करना, कानूनी शोध करना और कोर्ट में अच्छे से बोलना सिखाने पर जोर है।

डॉक्टर्स डे पर केक काटकर मनाई खुशियां

## चिकित्सकों का जीवन में एक लक्ष्य लोगों की जिंदगी बचाना



बेधड़क | जयपुर

डॉक्टर भगवान का रूप माने जाते हैं। ऐसे में डॉक्टर डे पर उनका सम्मान और भी बढ़ जाता है। डॉक्टर्स ने एक होटल में डॉक्टर डे अपने-अपने अंदाज में सेलिब्रेट किया। इस मौके पर डॉक्टर्स ने केक काटकर एक दूसरे को बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। इस कड़ी में डॉक्टर्स ने जहां नब्बे की दशक के गीत गाए तो फिल्मी गानों पर डांस भी किया। डॉ. शिवांगी, डॉ. गौरव शर्मा, डॉ. हरीश वर्मा, डॉ. नवीन शर्मा, डॉ. लक्ष्मी, डॉ. विजयंत सोलंकी के साथ सभी डॉक्टर्स ने जनता की सेवा करने की शपथ ली।

उनका कहना था कि जीवन में हम सबका एक ही लक्ष्य लोगों की जिंदगी बचाना है। लोगों की सेवा करना और उनकी दुआएं लेते रहना। इस मौके पर कई डॉक्टर्स ने अपने रोचक किस्से-कहानियां भी सुनाई और उनसे सीख लेने की बात की। कार्यक्रम में महिला-पुरुष डॉक्टर्स की फैमिली भी उपस्थित रहीं, जिन्होंने गेट टुगेदर किया। परिवारों के लिए फेमस फूड रखा गया था, जिसका उन्होंने स्वाद लिया और इस दिन की खुशियां मनाईं।

पुरस्कार वितरण | रामबाग गोल्फ क्लब में ग्रीष्मकालीन गोल्फ कोचिंग कैम्प का समापन

## देव बने ओवर ऑल बेस्ट बॉय, गौरी ओवर ऑल बेस्ट गर्ल

### चिपिंग, पटिंग और फुल स्विंग सिखाई

बेधड़क | जयपुर

ग्रीन ग्राउंड पर खेल की बारीकियां सीखने के बाद जब पुरस्कार मिले तो चेहरे खिल उठे। मौका था रामबाग गोल्फ क्लब में आयोजित ग्रीष्मकालीन गोल्फ कोचिंग कैम्प के दूसरे बैच के पुरस्कार वितरण समारोह का। गोल्फ कैम्प के अंतिम दिन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें देव पोद्दार ओवर ऑल बेस्ट बॉय और गौरी अग्रवाल ओवर ऑल बेस्ट गर्ल रहीं। सभी प्रतियोगियों को रामबाग गोल्फ क्लब के मानद सचिव हेम सिंह खंगारोत, कार्यकारिणी सदस्य अजय सिंह खींची, डॉ. हिमांशु शर्मा और शिविर कॉर्डिनेटर व मुख्य कोच ऋषिराज सिंह राठौड़ ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर क्लब के सदस्य चन्द्र पाल सिंह पंवार उपस्थित रहे।



### प्रतियोगिता में ये रहे विजेता

प्रतियोगिता के अन्य आयु वर्ग श्रेणियों में आयु 10 से 12 वर्ष बॉयज श्रेणी में आर्यवीर सिंह विजेता, अबीर एम सक्सेना उपविजेता और अध्यांश भारद्वाज द्वितीय उपविजेता रहे। इसी प्रकार आयु 10 से 12 वर्ष गर्ल्स श्रेणी में कियारा सोनी विजेता, कनिष्का सोनी उपविजेता और अरायना मित्तल द्वितीय उपविजेता रहीं। आयु 13 से 15 वर्ष बॉयज श्रेणी में लक्ष्य नाटानी विजेता और गर्ल्स श्रेणी में गौरी अग्रवाल विजेता रहीं। आयु 16 वर्ष या उससे अधिक की श्रेणी में देव पोद्दार विजेता, आर्यन गुप्ता उपविजेता और श्रीवत्स दूत द्वितीय उपविजेता रहे। विजेताओं को मैडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया तो वे खुश दिखाई दिए।

### रूल्स की जानकारी देकर बढ़ाई नोलेज

कैम्प के दौरान सभी प्रतिभागी बच्चों को गोल्फ से संबंधित सभी रूल्स रेगुलेशन के बारे में जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त, बच्चों को चिपिंग, पटिंग व फुल स्विंग भी सिखाई गई। बच्चों को मुख्य कोच ऋषिराज सिंह राठौड़, कोच गुलाम मोहम्मद और योगेन्द्र कुमावत द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। वहीं बच्चों ने भी कोच और अन्य विशेषज्ञों से इस खेल के संबंध में सवाल करते हुए अपनी जिज्ञासा शांत की।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, बुधवार, 03 जुलाई, 2024





जिंदगी में एक गलत समझौता आपसे सौ गलत समझौते करवाता है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## केन्या में नए कर कानून के खिलाफ सड़कों पर उतरे नागरिक

# कर-विरोधी प्रदर्शन में 39 की मौत, 360 घायल

**एजेंसी** | नैरोबी

केन्या में नए कर कानून के खिलाफ हो रहे देशव्यापी प्रदर्शन के दौरान पुलिस गोलीबारी में कम से कम 39 लोग मारे गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, सरकार और सुरक्षा एजेसिंयों की चेतावनी का नागरिकों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। नागरिक नए सिरे से सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरने की योजना बना रहे हैं।

केन्या नेशनल कमीशन ऑन ह्यूमन राइट्स के के मुताबिक केन्या में कर कानून के विरोध हुए देशव्यापी प्रदर्शनों में 39 लोग मारे गए हैं और 361 घायल हुए हैं। इसके अलावा 32 लोग लापता हैं। इस दौरान 627 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। उधर, बिगड़ती कानून व्यवस्था से चिंतित केन्या के सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षाबलों को तैनात करने का आदेश दिया है।



संसद में प्रवेश कर गई भीड़ और लगाई आग

भारत ने अपने नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी





### संसद में की आगजनी

केन्या में सरकार द्वारा नए टैक्स लगाने से जनता काफी गुस्से में है और बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को भीड़ संसद में प्रवेश कर गई और वहां आगजनी की। इसके बाद सांसदों को संसद भवन से सुरक्षित निकाला गया। प्रदर्शनकारी नए टैक्स का विरोध कर रहे हैं जिससे डायपर जैसी वस्तुओं की कीमत बढ़ जाएगी।

### क्या है मामला

केन्या में मई में फाइनेंस विधेयक 2024 पेश किया गया था। रोजमर्रा के उपयोग की चीजों पर भारी-भरकम टैक्स लगाने का प्रस्ताव है। इस विधेयक को लेकर संसद में वोटिंग हुई। करीब 195 सांसदों में से 106 ने इसके पक्ष में वोट किया। इसकी भनक लगते ही सड़कों पर प्रदर्शन शुरू हो गया। आक्रोशित भीड़ ने संसद में आग लगा दी। स्थिति संभालने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। केन्या के राष्ट्रपति विलियम रूटो ने कहा है कि हिंसा और अराजकता के खिलाफ सख्त रुख अपनाया जाएगा। केन्या में जारी उपद्रव से भारत चिंतित है। केन्या में 80 हजार से एक लाख तक भारतीय रहते हैं।

### मौतों की जांच होगी: राष्ट्रपति

राष्ट्रपति विलियम रुतो की सरकार के सामने आने वाला सबसे गंभीर संकट है, क्योंकि उन्होंने सितंबर 2022 में एक ऐसे देश में गहरे विभाजनकारी चुनाव के बाद पदभार संभाला था, जिसे अक्सर अशांत क्षेत्र में स्थिरता का प्रतीक माना जाता है। रुतो ने एक टेलीविजन साक्षात्कार में कहा कि विरोध प्रदर्शन में 19 लोग मारे गए, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि मौतों की जांच की जाएगी। उधर, मानवाधिकार संस्था ने कहा कि प्रदर्शनकारियों, चिकित्सा कर्मियों, वकीलों, पत्रकारों और चर्चों, चिकित्सा आपातकालीन केंद्रों और एम्बुलेंस जैसे सुरक्षित स्थानों पर की गई अनुचित हिंसा और बल की यथासंभव कड़े शब्दों में निंदा करता है।



## पाक: आतंकियों से भारी मात्रा में हथियार बरामद

# सुरक्षाबलों ने ऑपरेशन में नौ आतंकी किए ढेर

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने देश के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में दो अभियानों में नौ आतंकवादियों को मार गिराया है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी के आधार पर केपी के खैबर और लक्की मारवात जिलों में अभियान चलाया।

सुरक्षाबलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में खुफिया जानकारी मिलने पर दो जगहों पर ऑपरेशन चलाया। इस दौरान एक प्रतिबंधित संगठन के दो प्रमुख कमांडर सहित 9 आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया गया। बताया जा रहा है कि मरने वालों में कमांडर नजीब उर्फ अब्दुर रहमान और अशफाक उर्फ मुआयविया भी शामिल है। आतंकवादियों के पास से भारी मात्रा में हथियार के साथ गोला-बारूद भी बरामद किया गया है।



### हमले में जवान शहीद

इस बीच, डेरा इस्माइल खान की कुलाची तहसील के मद्दी इलाके में हुए एक हमले में एफसी का एक अधिकारी शहीद हो गया। मृतक की पहचान 24 वर्षीय नौमान के रूप में हुई है। मृतक के चाचा रमजान ने पुलिस को बताया कि गोलियों की आवाज सुनने के बाद वह बाहर गए और देखा कि उनके भतीजे का शव स्कूल के पास पड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि हमलावर मोटरसाइकिल पर सवार थे जो घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए।

### कई मामलों में थे वांछित

इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के बयान के मुताबिक यह आतंकी कई मामलों में वांछित थे। इन्होंने सुरक्षा बलों के काफिलों पर हमलों सहित कई आतंकी गतिविधियों को अंजाम दिया था। यह लोग क्षेत्र में कई आतंकी घटनाओं में शामिल थे। काफी समय से इनकी तलाश की जा रही थी। जिसके बाद सुरक्षाबलों ने ऑपरेशन के तहत इनका खात्मा कर दिया।


## चंद्रमा से आई खुशखबरी

# प्रज्ञान रोवर ने की कई अहम खोज

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (ISRO) ने चंद्रयान-3 के रोवर को लेकर बड़ी खुशखबरी दी है। इसरो ने बताया है कि प्रज्ञान रोवर ने बहुत महत्वपूर्ण जानकारी भेजी है। विक्रम लैंडर के जरिए चंद्रमा पर पहुंचे प्रज्ञान रोवर ने चंद्रमा के शिवशक्ति पॉइंट के पास कई अहम खोजें की है। ये खोज उस इलाके में मौजूद चंद्रमा के चट्टानों के टुकड़ों और उनकी उत्पत्ति से जुड़ी हुई है। इसरो ने बताया है कि प्रज्ञान रोवर ने लैंडिंग स्थल पर छोटे गड्ढों के रिम, दीवार ढलानों और फर्श के आसपास फैले छोटे चट्टान के टुकड़े देखे। रोवर ने एक चंद्र दिवस में चंद्र सतह पर लगभग 103 मीटर की दूरी तय की।

ये परिणाम चंद्र अन्वेषण में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकते हैं क्योंकि वे पिछले अध्ययनों का समर्थन करते हैं जो चंद्र रेगोलिथ के अंदरूनी हिस्से में चट्टान के टुकड़ों के धीरे-धीरे मोटे होने का सुझाव देते हैं। 27 किलोग्राम के प्रज्ञान रोवर को विक्रम लैंडर के अंदर रखकर चंद्रमा पर भेजा गया था। यह रोवर चंद्रमा की मिट्टी का विश्लेषण करने के लिए कैमरों और उपकरणों से लैस था।



### लैंडिग साइट के पास छोटे-बड़े गड्ढे

निष्कर्षों के अनुसार, जब प्रज्ञान रोवर लैंडिंग स्थल, शिव शक्ति बिंदु के पश्चिम की ओर लगभग 39 मीटर की दूरी पर पहुंचा तो चट्टान के टुकड़ों की संख्या और आकार में वृद्धि हुई। इसमें कहा गया है कि चट्टान के टुकड़ों का एक संभावित स्रोत लगभग 10 मीटर व्यास का गड्ढा हो सकता है। इस साल की शुरुआत में अहमदाबाद में ग्रहों, एक्सोप्लैनेट्स और हैबिटेबिलिटी पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत किए गए शोधपत्र में प्रस्तावित किया गया था।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl